

दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 25 ▸ अंक : 102 ▸ रायपुर, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ` RNI NO. CHH HIN/2001/05596

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



3 नवा रायपुर में बसाएंगे ...

बचपन में अनाथ हुए... 6


## 88 वर्ष की उम्र में पोप फ्रांसिस का निधन



एजेंसी, नई दिल्ली

कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का निधन हो गया है. 88 वर्ष की आयु में, उन्होंने वेटिकन सिटी में अंतिम सांस ली. वेटिकन के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 7:35 बजे उनका निधन हुआ. पोप फ्रांसिस लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे. उन्हें 14 फरवरी 2025 को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था, और मार्च 2025 में अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी रही. उनके निधन से एक दिन पहले, 20 अप्रैल 2025 को, उन्होंने ईस्टर संडे के अवसर पर सेंट पीटर स्क्वायर में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से भी मुलाकात की थी।

### पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस के निधन पर जताया दुख

परम पूज्य पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है. दुख और स्मरण की इस घड़ी में, वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ. पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोग हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे. छोटी उम्र से ही उन्होंने प्रभु ईसा मसीह के आदर्शों को साकार करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया था. उन्होंने गरीबों और वंचितों की लगन से सेवा की. जो लोग पीड़ित थे, उनके लिए उन्होंने आशा की भावना जगाई. मैं उनके साथ अपनी मुलाकातों को याद करता हूँ और समावेशी और सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से बहुत प्रेरित हुआ. भारत के लोगों के प्रति उनका स्नेह हमेशा संजोया जाएगा। उनकी आत्मा को ईश्वर की गोद में शांति मिले।

# नए कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा छग : सीएम साय

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की तैयारियों की दी जानकारी

रायपुर / नई दिल्ली (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। श्री शाह की अध्यक्षता आयोजित बैठक में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक व तकनीकी तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं। राज्य में 27 प्रकार की एसओपी और

### गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आपराधिक कानूनों पर समीक्षा बैठक





दिशा-निर्देश तैयार कर लागू किए गए हैं। इसके साथ ही लगभग 37,385 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। न्यायालयों, पुलिस थानों और जेलों को ई-साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम से लैस किया गया है। राज्य में अब तक 53,981 एफआईआर नए कानूनों के तहत दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से लगभग 50प्रतिशत मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है और बस्तर को भारत के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा और देशभर में कानूनी सुधार की इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया।

### नक्सल समस्या के स्थायी समाधान को लेकर हुई विशेष चर्चा

बैठक में नक्सल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल के महीनों में राज्य में चलाए गए ऑपरेशनों में कई वांछित नक्सली मारे गए, गिरफ्तार हुए या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। नियद नेलानार योजना, बस्तर ओलंपिक, महिला सुरक्षा केंद्र, और आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे व पर्यटन ढांचे का विकास जैसे प्रयासों से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सार्थक प्रभाव पड़ा है।

### कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक जनोन्मुखी बनाना : अमित शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से समन्वय और तत्परता की अपेक्षा जताई और कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक जनोन्मुखी बनाना है।

बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिरीक्षक सुशील द्विवेदी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव, सचिव गृह, नेहा चंपावत सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।



## छग में अगले 48 घंटे में भीषण गर्मी का अलर्ट

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)।

छत्तीसगढ़ में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप धारण कर लिया है। राज्य के अधिकतर जिलों में 40 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंच चुका है। सबसे अधिक गर्मी राजनांदगांव जिले में है। जहां रविवार को पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा। रायपुर और अन्य जिलों में भी लू जैसे हालात बने हुए हैं।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि, अगले 48 घंटों में गर्मी और तेज होगी। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, और महासमुंद सहित कई जिलों में तापमान 41 से 44 डिग्री के बीच हो सकता है। मध्याह्न में तेज़ धूप और लू चलने की आशंका है। इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### इन जिलों में आंधी-बारिश की है संभावना

मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि सोमवार को कुछ जिलों में थोड़ी राहत मिल सकती है। सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, सक्ती, जांजगीर, बलौदाबाजार, धमतरी, बालोद, कबीरधाम, खैरागढ़, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बस्तर, सुकमा और कांकेर में आंधी और हल्की बारिश हो सकती है। 20 अप्रैल, रविवार को राजनांदगांव में सबसे गर्म रहा और तापमान 44 डिग्री तक गया।



## बोकारो में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी, 8 माओवादी ढेर

एजेंसी, बोकारो

झारखंड बोकारो में सोमवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ सुरक्षा बलों ने 1 करोड़ के इनामी विवेक सहित 8 माओवादियों को ढेर कर दिया। सीआरपीएफ और स्टेट पुलिस की संयुक्त टीम ने कई हथियार भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। फिलहाल रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है।

जानकारी के अनुसार तुलबुल से लेकर ललपनिया तक जबरदस्त वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार सुबह 4 बजे से ललपनिया से सटे चोरगांवां के सोसो टोला के निकट लुगू पहाड़ की तलहटी में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ की सूचना मिलते ही भारी संख्या में जवान पहुंचे। जंगल की घेराबंदी कर सर्चिंग जारी है।

## आईईडी ब्लास्ट में सीएएफ जवान शहीद

बीजापुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में हुए IED ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया। जानकरी के अनुसार, बीजापुर में तोयनार-फरसेगढ़ सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया गया है।



बताया जा रहा है कि, CAF के जवान सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा की जांच कर रहे थे इस दौरान धमाका हुआ और ब्लास्ट की चपेट में आने से 19वीं बटालियन सीएएफ का जवान मनोज पुजारी (26) शहीद हो गया। घटना के बाद सुरक्षाबलों का सर्चिंग अभियान जारी है।

## करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की गोली मारकर हत्या

एजेंसी, नई दिल्ली

जमशेदपुर में हत्या की बड़ी वारदात सामने आयी है. यहां करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह ( 46 ) की अज्ञात लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी है. घटना रविवार की है. वे मानगो स्थित आस्था स्पेस टाउन के निवासी थे. दोपहर में उन्होंने अपने घर में बताया था कि वे किसी दोस्त के साथ जमीन देखने जा रहे हैं, जिसके बाद वे देर शाम तक घर नहीं लौटे. रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि एमजीएम थाना क्षेत्र के एनएच-33 से करीब 200 मीटर अंदर गौड़गोड़ा (बालीगुमा) गांव के जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला है. घटनास्थल पर पहुंचने पर विनय सिंह के परिजनों ने शव की पहचान की. उनके माथे में गोली मारने का निशान था. शरीर पर भी चोट के कई निशान मौजूद थे. गिरने की



### घटनास्थल से स्कूटी और मोबाइल जब्त

घटना की जानकारी मिलने पर एमजीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव के स से एक पिस्तौल, विनय सिंह की स्कूटी और मोबाइल जब्त कर लिया है. शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया गया, लेकिन वहां मौजूद समर्थकों और परिजनों ने इसका विरोध किया।

अवस्था में उनके हाथ में एक पिस्तौल भी थी. परिजनों का कहना है कि यह स्पष्ट रूप से सुनियोजित हत्या है. पिस्तौल विनय सिंह की नहीं थी. अपराध से उनका कोई वास्ता नहीं है. हत्या के बाद पिस्तौल उनके हाथ में थमा दी गयी है.

### पुलिस से की गयी थी पीछा करने की शिकायत

पुलिस सूत्रों के अनुसार, विनय सिंह की नजदीकी मानगो के कुख्यात अपराधी गणेश सिंह से थी. पुलिस को संदेह है कि हत्या में माशूक मनीष का हाथ हो सकता है. माशूक ने दो वर्ष पूर्व भुइयांडीह में टकलू लोहार की गोली मारकर हत्या की थी. विनय सिंह को कुछ माह पहले धमकियां मिल रही थीं. इसके अलावा उनका पीछा भी किया जा रहा था. इस मामले की शिकायत उन्होंने पुलिस के वरीय अधिकारियों से की थी।

## उप मुख्यमंत्री साव कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक विवाह समारोह में हुए शामिल

दुर्ग (प्रतिदिन राजधानी)

उप मुख्यमंत्री अरुण साव रविवार को दुर्ग जिले के अमलेश्वरडीह में आयोजित तहसील स्तरीय विशाल कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में शामिल हुए। समारोह में सादगी से सामाजिक जनों की उपस्थित में 24 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री साव ने सभी जोड़ों को सुख, शांति एवं खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।



उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, राज्य सरकार भी जिलों में सामूहिक विवाह का आयोजन कर रही है। मुंगेली में 192, बेमेतरा में 170 और लोरमी क्षेत्र में 15 जोड़े का सामूहिक आदर्श विवाह हुआ है। प्रदेश में साहू समाज ने आदर्श विवाह की शुरुआत की थी, उसके बाद सरकार ने अपनाते हुए कन्या विवाह योजना शुरू की।

श्री साव ने कहा कि, लोगों को समाज पर पूरा भरोसा है। सामूहिक विवाह से दांपत्य जीवन सुखमय और सफल होता है। समारोह में पूरा समाज एक साथ आशीर्वाद देते हैं। वहीं उन्होंने आदर्श विवाह के फैसले के लिए वर और वधू पक्ष के 48 परिवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री साव ने तहसील साहू समाज पाटन की मांग पर सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की।




## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की उठी मांग, सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

एजेंसी, नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में हिंसा की हालिया घटनाओं और लंबे समय से हो रही राजनीतिक हत्याओं के मद्देनजर राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग सुप्रीम कोर्ट में उठी है. याचिकाकर्ता ने पहले से लंबित याचिका में नया आवेदन दाखिल किया है. इसमें मांग की गई है कि कोर्ट केंद्र सरकार को राज्यपाल से रिपोर्ट मांगने को कहे. मंगलवार (22 अप्रैल, 2025) को कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई होगी.

पश्चिम बंगाल की खराब कानून-व्यवस्था, राजनीतिक हिंसा और हत्याओं को लेकर 2021 से रंजना अग्निहोत्री और जितेंद्र सिंह बिसेन की याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है. याचिका 22 अप्रैल को सुनवाई के लिए लगी है. याचिकाकर्ताओं के वकील विष्णु शंकर जैन ने जस्टिस भूषण रामाकृष्ण गवई की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने इस मामले को रखते हुए कहा कि उन्होंने आवेदन हाल में हुई हिंसा की घटनाओं



के आधार पर नया आवेदन भी दाखिल किया है.

विष्णु शंकर जैन ने कहा कि आवेदन में केंद्र को राज्यपाल से संविधान के अनुच्छेद 355 के तहत रिपोर्ट मांगने का निर्देश देने की मांग की गई है. इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि मामले की सुनवाई के दौरान वह अपनी बात रखें. न्यायपालिका पर सरकार के कामकाज में दखल का आरोप लगाते हुए चल रही बयानबाजी की तरफ इशारा करते हुए जस्टिस गवई ने यह कहा, 'हम पर पहले ही कार्यपालिका के क्षेत्र में अतिक्रमण का आरोप लग रह रहा है. आप चाहते हैं कि राष्ट्रपति को निर्देश दें?'

कोर्ट बुधवार को मामले पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है. नए आवेदन में यह मांग की गई है कि पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली तीन जजों की कमेटी को दी जाए. राज्य में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए. अनुच्छेद 355 के तहत राज्यपाल से राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर रिपोर्ट मांगी जाए. ध्यान रहे कि अगर इस तरह की रिपोर्ट में राज्यपाल किसी राज्य में संवैधानिक व्यवस्था के चरमरा जाने की रिपोर्ट देते हैं, तो राज्य में अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है.

### चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है

## ब्राउन यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी ने उठाया महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा

एजेंसी, न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अमेरिकी दौरे पर हैं। यहां ब्राउन यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ एक सेशन में उन्होंने पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि, देश की चुनाव प्रणाली में काफी समस्या हैं। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर भी आरोप लगाए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस नेता ने यूनिवर्सिटी के छात्रों से कहा, 'आसान शब्दों में कहें तो महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में यूथ की तादाद से ज्यादा वोटिंग हुई। यह एक फेक्ट है। इलेक्शन कमीशन ने हमें शाम 5.30 बजे तक के वोटिंग के आंकड़े दिए और शाम 5:30 से 7:30 बजे के बीच, जब वोटिंग बंद हो जानी चाहिए थी, 65 लाख मतदाताओं ने मतदान किया। अब, ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है, है न? क्योंकि एक वोटर को वोट डालने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप कैलकुलेट करें, तो इसका मतलब यह होगा कि रात 2 बजे तक वोटर्स की लाइनें लगी रहीं और वे पूरी रात मतदान करते रहे, और ऐसा नहीं हुआ।'



राहुल गांधी ने कहा, 'हमने चुनाव आयोग से पूछा था कि क्या मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी हो रही है। उन्होंने साफ मना कर दिया और उन्होंने कानून भी बदल दिया। इसलिए अब आप वोटिंग प्रोसेस की वीडियोग्राफी के लिए भी नहीं कह सकते। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि इलेक्शन कमीशन ने समझौता कर लिया है। यह बहुत साफ है कि चुनाव प्रक्रिया में बहुत सारी खामियां हैं। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने यह भी कहा कि मैंने इस मुद्दे को पहले भी कई बार उठाया है।

बता दें पिछले साल नवंबर के महीने में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हुए थे। इसमें भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की थी।

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तिहार/

कमांक/00/बी-121/2024-2025

रायपुर, दिनांक 09/04/2025

ग्राम - रायपुरा

तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका/आवेदक श्री लुतेस नादेमवार पिता यशवंत नादेमवार द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के माता-स्व. श्रीमती मीना बाई, पति-यशवंत नादेमवार की मृत्यु दिनांक 21.08.2014 को घर / हॉस्पिटल घर पर रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 23/04/2025 तक स्वताः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 09/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं भ्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

तहसीलदार एवं कार्यापालिक दण्डाधिकारी
मुहर रायपुर (छत्तीसगढ़)

### शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता प्रीतम साहू पिता स्व. लक्ष्मण साहू निवासी फागुन्दह, गुरूर, बालोद (छ.ग.) 491227 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2. यह कि मेरा नाम प्रीतम कुमार साहू (PRITAM KUMAR SAHU) था, यह नाम मेरे कक्षा दसवी की अंकसूची में भी दर्ज है।

3. यह कि, मैंने अपना नाम परिवर्तित कर नया नाम प्रीतम साहू (PRITAM SAHU) रख लिया है।

4. यह कि मुझे मेरे परिवर्तित नया नाम प्रीतम साहू (PRITAM SAHU) से जाना पहचाना जावे, एवं भविष्य में जारी होने वाले मेरे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेज मेरे परिवर्तित नाम- प्रीतम साहू (PRITAM SAHU) से जारी किया जावे।

5. यह कि, उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

सत्यापन :-

मै शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 5 तक में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है अतः मैंने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ता
प्रीतम साहू

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 02)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. / 20049/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20049
वार्ड का नाम-26 - दानवीर भामाशाह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 26 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR109A0445B जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती OM PRAKASH SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री प्रेमलाल साहू पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. ओमप्रकाश साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/shapath patr, sahmati patr, adhar card, mrityu praman patr, old ragistri / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग गरियाबंद जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

E-mail - eeresdvgariyaband@gmail.com

जोनल निविदा मैन्यूअल आमंत्रण सूचना क्र. 03,04/2025-26
(प्रथम आमंत्रण)

क्रमांक / 70 / निविदा/ ग्रा.यां.से. / 2025-26 गरियाबंद दिनांक 15/04/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतंर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु जोनल मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 29.04.2025
2 कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 02.05.2025
3 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 05.05.2025

निविदा निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | कार्य का नाम | प्रत्येक की लागत (लाख रू. मे) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 9 |
| 1 | गरियाबंद जिला अंतर्गत सिविल कार्य हेतु समस्त विकासखण्ड हेतु जोनल निविदा | 20.00 | 15000 |
| 2 | गरियाबंद जिला अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य हेतु समस्त विकासखण्ड हेतु जोनल निविदा | 20.00 | 15000 |

उपरोक्त प्रत्येक निर्माण कार्यो की निविदा प्रपत्र का मूल्य 750 रूपये की डी.डी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गरियाबंद के नाम से संलग्न किया जाना है। जिसकी अंतिम तिथि 29.04.2025 है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट res.cg.gov.in में दिनांक 15.04.2025 से डाउनलोड की देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग गरियाबंद

G-252600367/4

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर, जिला-रायपुर छ.ग.

//सूचना//

क्रमांक / का.से. / अविअ/2025 रायपुर, दिनांक 03/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक महादेव वेंचर्स भागीदार श्री जगजीत सिंह भाटिया पिता स्व. आर.पी.एस. भाटिया एवं अन्य पत्ता 33, एश्वर्या रेसीडेंसी तेलीबाधा रायपुर छ.ग. को ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82 तहसील रायपुर जिला रायपुर स्थित भूमि (व्यपवर्तन पश्चात) खसरा नंबर 15040/2 रकबा 5.4780 हे. खसरा नंबर 15041/2 रकबा 1.2794 हे. 15040/3 रकबा 0.4050 हे.. 15041/3 रकबा 0.5018 कुल रकबा 7.6642 हैं. में से कुल रकबा 7.6081 हे. भूमि पर कालोनी विकास की अनुमति विहित शर्तों के अधीन प्रदाय किया गया है।

छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 के नियम 12 (एक) अध्यधीन रहते हुए कालोनी के विकास कार्य पूर्ण होते संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश रायपुर द्वारा स्वीकृत अभिन्यास के अनुसार निम्नानुसार भूखंड को बंधक रखा जाता है:-

| क्र. | ब्लॉक क्र. | प्लाट क्रमांक | कुल प्लाट संख्या | प्लाट का एरिया व.मी. | कुल बंधक एरिया व.मी. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बी-1 | 01, 02, 03, 04, 11 | 05 | 2100 | 10500 |
| 02 | बी-1 | 12 | 01 | 2043 | 2043 |
| 03 | बी-2 | 01 | 01 | 1600 | 1600 |
| 04 | बी-2 | 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08 | 07 | 1200 | 8400 |
| 05 | बी-2 | 09 | 01 | 2000 | 2000 |
| 06 | बी-2 | 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 | 07 | 1500 | 10500 |
| 07 | बी-3 | 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, | 07 | 1200 | 8400 |
| 08 | बी-3 | 10, 11, 12, 13, 14, 15 | 06 | 1800 | 10800 |
| 09 | बी-11 | 11 | 01 | 1200 | 1200 |
| | | 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22 | 10 | 1500 | 15000 |
| | | योग | 46 | | 70443 |

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर का पत्र क्रमांक 1310 / नग्रानि/धारा-29/CGAWAAS/2024 / 00099/2024 रायपुर दिनांक 24.04.204 अनुसार ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82 तहसील रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 105/1 रकबा 0.2350 हे., खसरा नंबर 105/3 रकबा 0.1140 हे., 118 का भग रकबा 0.1510 हे., खसरा नंबर 119/1 रकबा 0.5140 हे. खसरा नंबर 119/4 रकबा 0.0730 हे., खसरा नंबर 119/5 रकबा 0.1360 हे., खसरा नंबर 119/6 रकबा 0.0740 हे. भूमि समाज के कमजोर आय वर्ग हेतु आरक्षित किया गया है।

उपरोक्त भूखंडों का सक्षम प्राधिकारी के अनुमति/अनापत्ति के बिना किये गये क्रय/विक्रय अवैध / शून्य माना जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 02)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. / 20054/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20054
वार्ड का नाम-26 - दानवीर भामाशाह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 26 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR111C00269 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. K. INDU BHOWRAY पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री सचिन भवरे पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. गोविंद भवरे ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/... / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 02)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. / 20045/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20045
वार्ड का नाम-13 - राजीव गाँधी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 13 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR222D0013C जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KHEDU RAM SAHU S/O BUDHARU RAM SAHU, पिता/पति श्री/श्रीमती SAMAY LAL TULSI RAM ITWARI RAM S/O KHEDU RAM SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती अरूण चावड़ा एच.यू.एफ. कर्ता श्री अरूण चावड़ा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. हेमराज चावड़ा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. / 20083/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20083
वार्ड का नाम-64- विपिन बिहारी सूर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR656H0021A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NIHALI RAM SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. श्रीमती नंदनी साहू, 02. श्रीमती कीर्ति साहू, 03. श्री अश्वनी साहू, 04. श्रीमती मनीषा साहू, 05. श्री अभिषेक साहू, 06. श्री पंकज साहू पिता/पति श्री/श्रीमती 01. पति स्व. निहाली राम साहू, 02. पति वीरेन्द्र साहू, 03. पिता स्व. निहाली राम साहू, 04. पति अमित साहू, 05. पिता स्व. निहाली राम साहू, 06. पिता स्व. निहाली राम साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ .../ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. / 20086/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20086
वार्ड का नाम-45- स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR739E01015 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JATIN VIJ पिता/पति श्री/श्रीमती RAVINDRA KUMAR VIJ के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री विनोद लालवानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता निर्मल कुमार लालवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 20136/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20136
वार्ड का नाम - 31- ने. सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328K00443 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Mrs. Kusun Agarwal पिता/पति श्री/श्रीमती Ashok Kumar Agarwal के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती मोना बुलवानी पिता/पति श्री/श्रीमती धनराज बुलवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# सीएम विष्णु देव साय ने अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ



**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए धरती के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए जन-सहभागिता का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक विविधता से भरपूर प्रदेश है। यहाँ की संस्कृति, आजीविका और जीवनशैली सीधे तौर पर प्रकृति से जुड़ी है। इसी भावना के साथ राज्य सरकार वृक्षारोपण, जल-संरक्षण, नदी-नालों का पुनर्जीवन, सामुदायिक वन प्रबंधन और पर्यावरणीय रूप से संतुलित औद्योगिक विकास को प्राथमिकता दे रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं में पर्यावरण संरक्षण को एक केन्द्रीय तत्व बनाया गया है, ताकि प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाते हुए आर्थिक प्रगति को सुनिश्चित किया जा सके। स्थानीय समुदायों को भी इन प्रयासों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उनका जीवन स्तर सुधरे और प्राकृतिक धरोहरें भी सुरक्षित रहें। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति एक वृक्ष लगाए, उसकी देखभाल करे और अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प ले। जल और ऊर्जा जैसे संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें तथा हरसंभव अक्षय ऊर्जा का प्रयोग कर पृथ्वी को प्रदूषण-मुक्त बनाने में योगदान दें।

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 20128/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20128
वार्ड का नाम - 7 - कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR226I01644 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती C.V. LAKSHMI पिता/पति श्री/श्रीमती C. SAI GOPAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती नेतकुमारी पटेल पिता/पति श्री/श्रीमती सूरज कुमार पटेल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 20137/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20137
वार्ड का नाम - 9 - डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR227K00024 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SATYANARSINGH RAO PASI S/O SANYASI RAO, P. SUJITA RAO W/O SATYANARSINGH RAO पिता/पति श्री/श्रीमती SANYASHI RAO के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. पासी संतोषी ज्योतिरमई राव 2. पासी वेंकट साई राव पिता/पति श्री/श्रीमती 1. स्व. पी.सी. राव 2. पासी सुजाता राव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 20138/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20138
वार्ड का नाम - 31- ने. सुभाषचंद्र बोस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 31 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328R0678K जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KSHAMA RATHI पिता/पति श्री/श्रीमती KRISHNAKANT RATHI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सिद्धांत माखीजा पिता/पति श्री/श्रीमती जयप्रकाश माखीजा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 20135/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/04/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 20135
वार्ड का नाम - 8 - मोतीलाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR226S1053A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SALIK RAM SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती LT. DAYARAM SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती तरूण प्रसाद साहू पिता/पति श्री/श्रीमती सालिक राम साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# 10 में से 8 मामलों में आरोपी का होता है कांग्रेस कनेक्शन- संजय श्रीवास्तव



**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था और महिलाओं के प्रति आए दिन हो रहे अपराध को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। वहीं आज प्रेसकॉन्फ्रेंस में भाजपा ने कांग्रेस के इस प्रदर्शन को अपराध के खिलाफ अपराधियों का प्रदर्शन करार दिया। कांग्रेस के सीएम निवास घेराव को लेकर भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस का प्रदर्शन आम लोगों के लिए आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा कि 10 में से 8 मामलों में अपराधी कांग्रेस से जुड़े होते हैं। वहीं कांग्रेस के शासनकाल में नशे को बढ़ावा दिया जाता रहा।

इस दौरान भाजपा के महामंत्री ने भूपेश सरकार की प्रमुख घटनाएं गिनाई। उन्होंने कहा कि सूरजपुर की घटना में कांग्रेस कार्यकर्ता कुलदीप साहू था। बलौदाबाजार की घटना में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की भूमिका सामने आई। कांग्रेस विधायक उत्तरी जांगड़े ने भी भड़काऊ भाषण से उकसाने का प्रयास किया। बिलासपुर की घटना जहां पीएम आवास के नाम पर युवती से रेप हुआ, इस मामले में भी कांग्रेस के पूर्व पार्षद काशीनाथ रात्रे का नाम सामने आया। बालोद सुसाइड मामले में पूर्व मंत्री अकबर का नाम, नारायणपुर में बीजेपी नेता रतन दुबे की हत्या में भी कांग्रेस का हाथ सामने आया।

See also भाजपा सांसद पर शपथपत्र में गलत जानकारी देने का आरोप, कांग्रेस ने की निर्वाचन निरस्त करने की मांग

प्रेसकॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश महामंत्री और नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, स्ट मोर्चा अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, भाजपा प्रवक्ता अमित साहू मौजूद रहे।

# कांग्रेस के प्रदर्शन को भाजपा ने बताया पाखंड, कहा- अपराधी मन के फौज, अब नई कर...




**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज कांग्रेस सीएम हाउस का घेराव कर रही है। बता दें कि घेराव से पहले नगर निगम के सामने एक जनसभा भी आयोजित हुई। जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कांग्रेस का यह प्रदर्शन दिनों दिन बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था को लेकर है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने दावा किया है कि सिर्फ रायपुर में ही एक साल में 93 हत्याएं हुई है। कांग्रेस प्रदेशभर में एक साल में अलग-अलग अपराधों के आंकड़े भी जारी किए हैं। बैज ने कहा कि, भाजपा सरकार अपराध रोकने में विफल साबित हुई है और जनता डरी हुई है।

वहीं छत्तीसगढ़ भाजपा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे पाखंड बताया है। एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर बीजेपी ने लिखा है कि- अपराधी मन के फौज, अब नई कर पाही छत्तीसगढ़ मा मौज

# पद्म पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित, 31 जुलाई अंतिम तिथि

**रायपुर।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025 के पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। ये पुरस्कार साहित्य, संस्कृति, कला सहित अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किए जाते हैं। योग्य और पात्र व्यक्तियों के नामांकन ऑनलाईन पोर्टल https://awards.gov.in/ के माध्यम से 31 जुलाई 2025 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए प्रस्ताव 14 जुलाई 2025 तक संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं राजभाषा, सेक्टर-27, नया रायपुर (अटल नगर), छत्तीसगढ़ को प्रेषित किए जा सकते हैं। संबंधित विभाग ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त नामांकनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री साव ने 28 स्कूलों में स्मार्ट क्लास-रूम का किया शुभारंभ

**मुंगेली।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली के लोरमी विकासखंड के 28 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास-रूम का शुभारंभ किया। उन्होंने लोरमी विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैगाकापा में आयोजित कार्यक्रम में सभी स्मार्ट क्लास-रूम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने स्मार्ट क्लास-रूम में अध्ययन-अध्यापन की सुविधाओं को देखा और इसके लिए स्थापित किए गए तकनीकी उपकरणों की सराहना की। एचडीएफसी बैंक और एआरओ फाउंडेशन के सहयोग से स्कूलों में ये स्मार्ट क्लास-रूम बनाए गए हैं। उप मुख्यमंत्रीअरुण साव ने स्मार्ट क्लास-रूम का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्मार्ट क्लास-रूम से बच्चों की पढ़ाई में रुचि और सीखने की क्षमता बढ़ेगी।

# एसीबी की बड़ी कार्रवाई, पटवारी को रिश्वत लेते पकड़ा, रिकार्ड अपडेट करने मांगी थी रकम



**प्रतिदिन राजधानी, कोरबा**

कोरबा में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अजगरबहार तहसील में पदस्थ पटवारी सुल्तान सिंह बंजारे ने जमीन रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट करने के ऐवज में 10 हजार रिश्वत की मांग की थी। दुल्लापुर पसान क्षेत्र के पीड़ित पक्ष ने जमीन रिकॉर्ड अपडेट करने के लिए पटवारी सुल्तान सिंह बंजारे से रिकॉर्ड अपडेट करने कहा जिस पर पटवारी ने रिकॉर्ड अपडेट करने के आवाज में ?10 हजार रिश्वत की मांग की थी, जिसकी शिकायत प्रर्थी ने ,ष्टक्च ऑफिस बिलासपुर में की थी बिलासपुर एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने पटवारी को ट्रैप कर रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रिश्वतखोर पटवारी को कलेक्टर कार्यालय के बाहर ही पकड़ा गया पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्वाई की जा रही है।

प्रतिदिन राजधानी
मंगलवार 22, अप्रैल 2025

# छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम में सुधार से औद्योगिक विकास को नई दिशा

## साय सरकार के निर्णय से बढ़ेगी औद्योगिक उत्पादकता एवं कार्यक्षमता

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने और श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। यह संशोधन, जो 27 फरवरी 2025 को अधिसूचित किया गया, औद्योगिक इकाइयों के लिए पट्टे पर दी गई भूमि के उपयोग और औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक आवास निर्माण को लेकर नए अवसर प्रदान करता है। इस कदम को राज्य की औद्योगिक नीति को और अधिक निवेशक-अनुकूल बनाने और स्थानीय श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### पट्टे पर दी गई भूमि का 15 प्रतिशत नियमितीकरण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर किए गए नए संशोधन के तहत, औद्योगिक इकाइयों को पट्टे पर दी गई कुल भूमि का 15 प्रतिशत हिस्सा गैर-औद्योगिक गतिविधियों, जैसे प्रशासनिक भवन, कैंटीन, या अन्य सुविधाओं के लिए नियमित करने की अनुमति दी गई है। पहले यह सीमा सख्त थी, जिसके कारण कई इकाइयों को परिचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस छूट से उद्यमी अपनी इकाइयों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए लचीले ढंग से भूमि का उपयोग कर सकेंगे।

### औद्योगिक श्रमिक आवास निर्माण की अनुमति

संशोधन का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए आवास निर्माण की अनुमति है। यह कदम न केवल श्रमिकों को बेहतर रहन-सहन की सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की उपलब्धता को भी बढ़ाएगा। इससे श्रमिकों को कार्यस्थल के नजदीक रहने का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी यात्रा लागत और समय की बचत होगी।

### संशोधन के लाभ

15 प्रतिशत भूमि के नियमितीकरण की अनुमति से उद्यमी अपनी इकाइयों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बना सकेंगे। इससे उत्पादकता और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। औद्योगिक क्षेत्रों में आवास सुविधा शुरू होने से श्रमिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिलेगा। यह उनकी कार्यक्षमता और जीवन स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा। अनुकूल नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। यह विशेष रूप से छोटे और मझोले उद्यमों के लिए लाभकारी होगा। श्रमिक आवास और औद्योगिक विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्रों में आवास सुविधा से शहरी क्षेत्रों पर जनसंख्या का दबाव कम होगा, क्योंकि श्रमिकों को औद्योगिक क्षेत्रों में ही रहने का विकल्प मिलेगा। गौरतलब है कि पहले औद्योगिक इकाइयों को पट्टे पर दी गई भूमि का उपयोग केवल विशिष्ट औद्योगिक गतिविधियों के लिए करना होता था। गैर-औद्योगिक उपयोग, जैसे कार्यालय भवन या कर्मचारी सुविधाओं के लिए, अनुमति लेना जटिल और समय लेने वाला था। नए नियम के तहत, 15 प्रतिशत भूमि को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के नियमित करने की अनुमति दी गई है। यह उद्यमियों को परिचालन लागत कम करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद करेगा। उदाहरण के लिए, एक इकाई अब इस 15 प्रतिशत भूमि पर कर्मचारी कल्याण केंद्र, प्रशिक्षण सुविधा, या गोदाम बना सकती है। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक क्षेत्र अक्सर ग्रामीण या अर्ध-शहरी इलाकों में स्थित हैं, जहां श्रमिकों के लिए आवास की कमी रहती है। इससे श्रमिकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिसका असर उनकी उत्पादकता पर पड़ता है। संशोधन के तहत, औद्योगिक इकाइयां अब अपने परिसर में या आसपास श्रमिकों के लिए आवास बना सकती हैं।

# नवा रायपुर में बसाएंगे नया विहार, आम आदमी खरीद सकेंगे जमीन-मकान



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर में आबादी बसने के लिए कौशल्या विहार ( कमल विहार) की तर्ज पर नवा रायपुर में नया विहार बसाया जाएगा। इसके लिए 436 हेक्टेयर शासकीय जमीन व अधिग्रहण से बची बाकी जमीन प्लॉट के रूप में लोगों को बेची जाएगी। हालांकि इस योजना में नवा रायपुर की तरह नियम-शर्तें नहीं रहेंगी। लोग आसानी से यहां जमीन खरीदकर अपने हिसाब से उपयोग कर सकेंगे। अस्पताल, स्कूल की सुविधा के साथ यहां अलग से तहसील बनाई जाएगी, ताकि लोगों को जमीन संबंधित प्रक्रिया के लिए बार-बार रायपुर न आना पड़े। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण एनआरडीए इस योजना को लागू करने के लिए तैयारी पूरी कर चुका है। नवा रायपुर से लगे ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिरहसौद, सेरीखेड़ी और नकटी गांव की 436 हेक्टेयर जमीन चिंहित करने के बाद आवास एवं पर्यावरण विभाग से नई अधिसूचना का प्रकाशन किया जा चुका है।प्रोजेक्ट को लेकर दावा-आपत्ति मंगवाने क औपचारिकता पूरी की जा चुकी है। इसके लिए एक माह का समय दिया गया था। सभी आपत्तियों का निराकरण करने के बाद ही अंतिम सूचना का प्रकाशन किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि लोगों को जिन ग्रामीणों की जमीन ली गई है उन्हें डेवलप प्लॉट की वापसी तभी होगी जब प्रशासन की ओर से भी जमीन से संबंधित दस्तावेजों को अपडेटेड कर ऑनलाइन कर दिया जाएगा।

### आयुक्त विश्वदीप ने नारायणा हॉस्पिटल के समीप महात्मा गाँधी वार्ड के आरआरआर सेंटर और ट्रांसफर स्टेशन का किया निरीक्षण



**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत महात्मा गाँधी वार्ड में नारायण हॉस्पिटल के समीप आरआरआर ( रिड्यूज, रियूज, रिसाइकिल ) सेंटर और ट्रांसफर स्टेशन का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया. आयुक्त विश्वदीप ने केन्द्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम के विभिन्न जोनों में प्रारम्भ किये गए आरआरआर सेंटर्स का समाजहित में केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन और रायपुर जिला प्रशासन की लोकहितकारी मंशा के अनुरूप अच्छी तरह से संचालन करना जोनों के माध्यम से सुनिश्चित करवाने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए हैं. आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि जनसहभागिता से आरआरआर सेंटर्स का सुचारु संचालन वार्डों में समाजहित में करने जनजागरण कर वार्डवासियों को अपने घरों की पुरानी वस्तुएँ आरआरआर सेंटर्स में देने अपील कर प्रोत्साहित किया जाये,

### 70 साल की बुजुर्ग ने खून से राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**गरियाबंद,रायपुर,प्रतिदिन राजधानी ।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां जमीन विवाद से परेशान महिला ओम बाई बघेल ने जब स्याही से लिखी आवेदन से न्याय नहीं मिला तो उसने अपनी खून से राष्ट्रपति के नाम पत्र लिखकर पोस्ट किया है. यह मामला छुरा का है.

ओम बाई ने पत्र में लिखा है कि अपनी पुश्तैनी जमीन में रिवाज के मुताबिक पूर्वजों का मठ (समाधि) बनाया था, जिसे छुरा में रहने वाले संतोष सारडा ने तुड़वा दिया. न केवल पुरखौती जमीन पर काबिज किया बल्कि उसके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया. इसकी शिकायत उसने कलेक्टर, एसपी से लेकर जिले के सभी बड़े अफसरों से की थी पर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उसने जुल्म की कहानी खून से लिखकर राष्ट्रपति के नाम स्पीड पोस्ट किया है.

#### विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में चैंबर ऑफ कॉमर्स की है महत्वपूर्ण भूमिका : सीएम साय

## मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में व्यापार, व्यवसाय और उद्योग तेजी से विकास कर रहे हैं, जिसके कारण जीएसटी कलेक्शन में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए हम सबको मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ बनाना होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में चैंबर के अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया सहित अन्य पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज 62 वर्षों से कार्यशील है, जिससे 12 लाख व्यापारी जुड़े हैं। प्रदेश के इस सबसे बड़े व्यापारी संगठन के इतिहास में पहली बार सर्वसम्मति से निर्वाचन संपन्न हुआ है, जो संगठन की एकजुटता का प्रमाण है। इस परंपरा को यह संगठन आगे भी कायम रखे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योग और व्यापार की उन्नति के लिए राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छोटे व्यापारियों को हमेशा प्राथमिकता दी है। ई-वे बिल की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दी गई है। हमने पेट्रोल पर वैट 1 रुपये प्रति लीटर कम किया है। व्यापारियों को राहत देते हुए 10 साल पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारी को माफ किया गया है। इसका लाभ प्रदेश के 40 हजार व्यापारियों को मिल रहा है।





**नई औद्योगिक नीति : प्रदेश में साढ़े चार लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव**

मुयमंत्री साय ने कहा कि नई उद्योग नीति से उद्योगों के लिए प्रदेश में सकारात्मक वातावरण बना है। इसके लागू होने के बाद से अब तक प्रदेश में साढ़े चार लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। नवा रायपुर में सेमीकंडटर निर्माण के लिए हाल ही में प्लांट का भूमिपूजन हुआ है। हाल ही में हमने दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया। देशभर के कारोबारियों और उद्योगपतियों में इसे लेकर गजब का उत्साह है। वे छीसगढ़ की विकास यात्रा में शामिल होना चाहते हैं।

**नई औद्योगिक नीति का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह**

मुयमंत्री ने चैंबर के पदाधिकारियों से राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया, जिससे प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित हो सके। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

### वन मंत्री केदार कश्यप का अचानकमार टाइगर रिजर्व (एटीआर) का दौरा



बिलासपुर/रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

दिनांक 20 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री केदार कश्यप ने अचानकमार टाइगर रिजर्व, लोरमी क्षेत्र का दौरा किया। उनके साथ तखतपुर क्षेत्र के विधायक य धर्मजीत सिंह भी उपस्थित रहे। दौरे की शुरुआत ग्राम शिवतराई स्थित बैगा रिसॉर्ट में विभागीय अधिकारियों एवं एटीआर प्रबंधन के साथ समीक्षा बैठक से हुई। ATR में हुई बाघों की संख्या में हुई वृद्धि के संबंध में प्रबंधन द्वारा फोटो एल्बम प्रस्तुत किया गया । बैठक में बाघ संरक्षण, गांवों के विस्थापन की वर्तमान स्थिति, आजीविका उन्मुख गतिविधियाँ, ग्रामीण रोजगार, वनों की अग्नि सुरक्षा तथा वन प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने, आजीविका आधारित कार्यक्रमों का विस्तार करने तथा वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात मंत्री महोदय एवं विधायक महोदय ने बैगा रिसोर्ट की सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए वनग्राम की महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित 'सुविनियर शॉप' का निरीक्षण किया। महिला सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया एवं शॉप संचालन की जानकारी साझा की, जिसे देख मंत्री जी ने प्रसन्नता व्यक्त की और ऐसे आजीविका कार्यों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर गोंडवाना चित्रकला में पारंगत एवं पुरस्कार प्राप्त बालिका कुमारी रागिनी ध्रुव से भी उनकी भेंट हुई।

### आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने विज्ञापन ढांचे की संरचनात्मक सुरक्षा जांच हेतु पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को दिये आवश्यक निर्देश



रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त पंकज शर्मा ने नगर पालिक निगम रायपुर की समस्त पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को विज्ञापन ढांचे की संरचनात्मक सुरक्षा जाँच कराये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये है। यहां यह उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त हो चुका है तथा नगर निगम रायपुर द्वारा दी गई एक वर्ष की विज्ञापन स्वीकृति अवधि भी पूर्ण हो चुकी है। अत: यह आवश्यक कि पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों द्वारा लगाये गये समस्त विज्ञापन ढांचों (यूनिपोल, होर्डिंग, गेन्ट्री, कियोस्क आदि ) की संरचनात्मक सुरक्षा की समुचित जाँच प्रामाणिक संरचनात्मक अभियंता से कराई जाए।

आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त ने इस संबंध में पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को निर्देशों का पालन कड़ाई से करना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। ग्राउंड पर स्थापित विज्ञापन ढांचे की फाउंडेशन (नींव) की स्थायित्व जांच करायी जाकर इसकी रिपोर्ट नगर निगम कार्यालय में 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। भवनों की छतों पर लगाए गए मीडिया स्ट्रक्चर की विशेष रूप से फाउंडेशन एवं एंकरिंग सिस्टम की स्थिति की जांच कर सुरक्षा संबंधित सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करते हुए भवनों पर लगे, स्ट्रक्चर के लोड को संबंधित करते हुए संरचना सुरक्षा प्रमाण पत्र नगर निगम कार्यालय में 10 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। यह सुनिश्चित किया जाये कि एजेंसी द्वारा सभी विज्ञापन ढांचों में किसी भी प्रकार की क्षति, जंग, झुकाव, वेल्डिंग अथवा ढांचे में कमजोरी पाए जाने पर तत्काल मरम्मत करायी जाये अथवा ढांचे की सुरक्षा की स्थिति में किसी भी प्रकार का संशय हो, तो उस संरचना को तत्काल हटाया जाना अनिवार्य होगा। विज्ञापन मीडिया के फायर सेफ्टी एवं बिजली संबंधी सुरक्षा उपायों का भी भौतिक सत्यापन कराया जाकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगें। फटे फ्लैक्स हवा तूफान में फ ट कर रोड़ में गिरने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। अत: प्रत्येक दिवस अपने विज्ञापन मीडिया का निरीक्षण करते हुए फटे हुए फ्लैक्स को तत्काल हटाये जाने का कार्य सतत् रूप से क्रियान्वित करना सुनिश्चित करेंगें।

छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले हुआ आयोजन

## बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह शहीद स्मारक भवन में धूमधाम से मनाई गई

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित शहीद स्मारक भवन में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभगीय जाँच आयुक्त दीलिप वासनीकर जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रतन लाल डांगी, निदेशक , राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी, महादेव कावरे ,आयुक्त रायपुर संभाग, डां लक्षमण भारती, प्रांताध्यक्ष अजाक्स, आर एन चंद्रवंशी, महासचिव, अनुजनजाति शासकीय सेवक संघ, जी एस मंडावी, महासचिव, राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ, मती अंजु मेश्राम, डायरेक्टर माता सावित्रीबाई फुले एकाडेमी रायपुर, डां स्नेह लता हुमने, विश्वास मेश्राम, अध्यक्ष छग विज्ञान सभा को फाऊंडेसन सोजलीफ डां शंकर लाल ऊइके, उपाध्यक्ष ,अनु जाति, जनजाति संघ,

कमलेश ध्रुव, प्रदेश उपाध्यक्ष जनजाति सेवक संघ एवं सर्व आदिवासी समाज, हर्ष मेश्राम, उपाध्यक्ष विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग संघ, राजेन्द्र प्रसाद भतपहरी, प्रदेश अध्यक्ष, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, विनोद भारती प्रदेश संरक्षक, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, एस एस के सोनवानी, गुरु घासीदास गृह निर्माण सहकारी समिति रायपुर, अनिल मेश्राम , प्रान्त अध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसाइटी, करन सिंह अटेरिया प्रदेश अध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारी संघ, सहित अनेक संगठन पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के अधिकारी, कर्मचारी, बुद्धिजीवी, छात्र और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद उपस्थित अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की, राजनांदगांव के मास्टर यथार्थ सम्राट के द्वारा संविधान प्रस्तावना का सामुहिक वाचन कराया गया ।


### मुख्यमंत्री साय ने विधायक ललित चन्द्राकर की माता के निधन पर जताया शोक

**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुर्ग ग्रामीण के विधायक तथा छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर की माता श्रीमती पूर्णिमा चंद्राकर के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने आज यहां जारी अपने शोक संदेश में कहा है कि चन्द्राकर की माता के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है। माताजी का निधन पूरे परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। मेरी संवेदनाएं चन्द्राकर और उनके परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री साय ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## संत निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान शिविर एवं मानव एकता दिवस का आयोजन

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

आध्यात्मिकता ही मानव जीवन को मजबूती दे सकती है तथा मानव को मानव के निकट लाकर आपसी प्रेम और सौहाद्र का वातावरण बना सकती है। इसी मंतव्य से सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव एकता दिवस का आयोजन 24 अप्रैल 2025 को संत निरंकारी सत्संग भवन लाखे नगर में किया जाएगा वहीं भारतवर्ष की प्रत्येक ब्रांच में भी श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह जी एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह जी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेंगे।





संत निरंकारी मिशन की ब्रांच रायपुर के जोनल इंचार्ज श्री गुरबख्श सिंह कालरा ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु की असीम कृपा से इस वर्ष भी संपूर्ण विश्व के लगभग 500 से अधिक स्थानों पर संत निरंकारी मिशन की सामाज कल्याण शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर की अविरल श्रृंखलाओं का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जाएगा जिसमे लगभग 50,000 से अधिक रक्तदाता मानवता की भलाई हेतु रक्तदान कर नि:स्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे । लाखे नगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर प्रात: 9 बजे से 2 बजे तक मॉडल ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त संग्रहित किया जाएगा । जैसा की सर्व विदित ही है कि युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी समाज कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। प्रत्येक भक्त के जीवन को वास्तविक रूप में एक व्यावहारिक दिशा प्रदान की जिसके लिए मानवता सदैव उनकी ऋणी रहेगी। युग दृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा सन 1986 से आरम्भ हुई परोपकार की यह मुहिम महा अभियान के रूप में आज अपने चमोत्कर्ष पर है। पिछले लगभग चार दशकों में आयोजित 8644 शिविरों में 14,05,177 यूनिट रक्त मानवमात्र की भलाई हेतु दिया जा चुका है और यह सेवाएँ निरंतर चालू हैं।

निश्चित रूप में लोक कल्याण हेतु चलाया जा रहा ये अभियान निरंकारी सतगुरु की प्रदत्त सिखलाइयों को दर्शाते हुए एक दिव्य संदेश प्रेषित कर रहा है जिससे हर प्राणी प्रेरणा प्राप्त कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहा है ।

## सम्पादकीय

# खौफ का परिणाम है वार्ता की पेशकश

बस्तर में नक्सली खौफमें है, यह बात राज्य के लोगों को अच्छी लगती है। पहली बार ऐसा हो रहा है, ऐसी खबर आ रही है कि बस्तर में नक्सली कभी भी,कहीं भी, मारे जाने से डरे हुए हैं।वह अपने लिए सुरक्षित ठिकाना तलाश रहे हैं लेकिन कहीं उनको सुरक्षित ठिकाना नहीं मिल रहा है।वह निरंतर जवानों की पहुंच में है,उनके निशाने पर हैं।यह राज्य के लोगों के साथ ही बस्तर के लोगों के लिए एकदम अलग तस्वीर है, नक्सली तो सबको डराने वाले थे, सबको मारने वाले थे, बस्तर में वही होता था जो वह चाहते थे।उनका आतंक इतना था कि उनके इलाकों में पुलिस व सुरक्षा बल के जवान जाते नहीं थे, उनके इलाके में पुलिस व जवानों के जाने का मतलब होता था मारा जाना। गांवों व सड़कों पर तख्ती लगी रहती थी, यहां से नक्सलियों का इलाका शुरू होता है। यह एक तरह से चेतावनी होती थी कि आप ऐसे इलाके में हैं जहां वही होता है जो नक्सली चाहते हैं। ज्यादा दिन नहीं हुए हैं पांच साल पहले तक नक्सली डराने वाले हुआ करते थे, उनको मरने का कोई डर नहीं होता था, वह निश्चिंत रहते थे कि उनको कोई मार नहीं सकता। उनको कोई किसी तरह से कमजोर नहीं कर सकता।साय सरकार के आए एक साल हुआ है और इस एक साल में बस्तर की पूरी तस्वीर बदल गई है। आज जवान आए दिन आपरेशन चला रहे हैं, नक्सलियों का ढेर कर रहे हैं। जितने नक्सली मारे जा रहे हैं, उससे ज्यादा मारे जाने के डर से सरेंडर कर रहे हैं।नक्सली संगठन के नेता नक्सलियों के मन से मारे जाने का डर खत्म नहीं कर पा रहे हैं। वह उनको आश्वस्त नहीं कर पा रहे हैं कि तुमको कोई मार नहीं सकता।यही वजह है कि वह अपने संगठन के लोगों को मारे जाने के बचाने के लिए एक के बाद एक शांति वार्ता का प्रस्ताव भेज रहे हैं।

सरकार ने तो साफकर दिया है कि उसके दरवाजे शांति वार्ता के लिए खुले हुए हैं। हां इसके लिए वह कोई शर्त नहीं मानेगी।हाल ही में नक्सलियों के संगठन की तरफ से फिर एक शांति वार्ता का प्रस्ताव भेजा गया है।भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (माओवादी)के उत्तर पश्चिम सब जोनल ब्यूरो रूपेश के नाम से जारी पर्चे में कहा गया है कि दोनों पक्षों को स्थायी समाधान की ओर बढ़ते हुए कम से कम एक माह के लिए युध्द विराम करना चाहिए।शांति वार्ता का पूरा प्रयास आपरेशन कगार के नाम पर हो रहे हत्याकांड को तत्काल रोकने के लिए है।हम शांति वार्ता की जो पेशकश कर रहे हैं,उसके पीछे कोई छिपी रणनीति नहीं है।इस समस्या का हल शांति वार्ता से होना चाहिए और लगातार हो रही हत्याओं पर रोक लगनी चाहिए। इस मामले में अमित शाह व सीएम साय का रुख एकदम साफहै कि सरकार को बात करने से कोई एतराज नहीं है लेकिन इसके लिए कोई शर्त नहीं मानी चाहिए। नक्सली जिसको बात करने के लिए भेजना चाहते हैं, भेजें उनके साथ बात की जाएगी। नक्सलियों के सफाए का काम नहीं रुकेगा, यह तो नक्सलियों के सफाए तक चलेगा। जब तक सभी नक्सली सरेंडर नहीं कर देते या मार नहीं दिए जाते।

अमित शाह ने तो हमेशा कहा है कि नक्सली सरेंडर करें। यही एक रास्ता उनके लिए बचा है। जो सरेंडर करेगा उसके लिए सरकार हर तरह की व्यवस्था करेगी।

# पश्चिम बंगाल में बढ़ती अराजकता रोकिए सरकार

वफ्फकानून के विरोध में पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद जिला हिंसा की आग में झुलस रहा है। हिंसा को लेकर भाजपा- टीएमसी के बीच में आपसी आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचार काफी निंदनीय है ।टीवी, सोशल मीडिया पर तस्वीरों और वीडियो में जो कुछ दिख रहा है वह देख रूह कांप जाती है। हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से हजारों की संख्या में हिंदू पलायन कर चुके हैं। वहां कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। हाथों में हथियार लिए लोग गाड़ियों को फूंक रहे हैं, दुकानों को जला रहे हैं, रेलवे ट्रैक को बाधित किया गया, पुलिस वालों तक को निशाना बनाया गया।वास्?तव में यहां देखने में यही आ रहा है कि हिंदू लोगों की सुरक्षा की किसी को परवाह नहीं है उनके पास दो ही विकल्प है मौत या पलायन। इस पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री अपनी एक्स पोस्ट में लिखती हैं कि याद रखें हमने वह कानून नहीं बनाया है जिस पर लोग नाराज हैं। यह कानून केंद्र ने बनाया है इसलिए आप जो जवाब चाहते हैं केंद्र सरकार से मांगना चाहिए।दूसरी ओर भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि ममता बनर्जी बंगाल को दूसरा बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। मुर्शिदाबाद में हिंसा सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का नतीजा है। मुर्शिदाबाद में हिंदू परिवार को टारगेट कर हमला किया जा रहा है।कानून की आड़ में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रही हिंसा में ममता सरकार सियासी रोटियां सेंक रही है। पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की नीति के तहत सत्ता और वोट बैंक की खातिर हिंदुओं पर जघन्य अपराध किया जा रहे हैं और अराजकता की सारे सीमाएं पार हो गई है पर विपक्ष से लेकरतथाकथित बौद्धिक वर्ग आंखों पर पट्टी बांधे बैठा है।



**प्रो. मनीषा शर्मा**

इसके पूर्व बांग्लादेश में हिंदुओं पर जिस तरह के अत्याचार हुए और अब पश्चिम बंगाल मेंजो कुछ चल रहा है इन हालातों से मुंह फेर कर वैश्विक शक्तियां और हमारे देश के मानवधिकार के रक्षक बौद्धिक वर्ग का प्रतिकार ना करना बताता है कि असंवेदनशीलता और उदासीनताकी स्थिति क्या है। हमारे देश का एक किस्म का बौद्धिक वर्ग हमारे समाज में अल्पसंख्यको के उत्पीड़न को लेकर हमेशा सजग रहता है। छोटी सी बात को को भी तूल देकर मानवाधिकार का हनन बताकर उग्र रूप से वैश्विकमंच पर फैला दिया जाता है। ये लोग धर्म, जाति और भाषाके नाम पर हमेशा समाज में दरार डालने में लगे रहते है यह भूलकर कि वह भी इसी समाज का एक हिस्सा है और उसी समाज में रहते है।इस तरह के प्रगतिशील और मानवाधिकारके हिमायती बौद्धिक वर्ग को बांग्लादेश नहीं दिखता, पश्चिम बंगाल नहीं दिखता, हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार नहीं दिखता, हिंदुओं के प्रति ये कट्टरता और नफरत नहीं दिखती। उन्हें सिर्फ भारत की हिन्दू सरकार दिखती है जो अल्पसंख्यकों के खिलाफकार्य करती हैं, उनका उत्पीड़न करती है। जो लेखक, पत्रकार सत्य कहते हैं उसे ये सरकार का अंध भक्त और घृणा फैलाना वाला मानते हैं ।इन तथाकथित बौद्धिक वर्ग और मानवाधिकारों के रक्षको ने इस देश में जो एक तरफा विमर्श दिन रात हिंदुत्व के विरुद्धतथ्यहीन बातों से खड़ा किया उसने हमें बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है । कुछ वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोगों द्वारा अल्पसंख्यकों को वफ्फके विषय में झूठी,आधारहीन बाते कर एक टूल की तरह प्रयोग कर देश की शांति भंग करने का कार्य किया जा रहा रहा है। क्या प्रेम, सहिष्णुता ,शांति,भाईचारे, धर्मनिरपेक्षता की बात करना बहुसंख्यक आबादी के लिए ही है? क्या बहुसंख्यक हिंदू आबादी को चैन से जीने का कोई अधिकार नहीं है? आज वह अपने ही देश में, अपने ही लोगों के बीच अपने जीवन की रक्षा के लिए हाथ फैलाए खड़ी हैं इससे बड़ी दयनीयता की स्थिति और क्या हो सकती हैं।धर्म, जाति ,जिहाद के नाम पर संपूर्ण विश्व में लाखों गैर मुस्लिम बुरी तरह से अत्याचारों का शिकार होकर मारे गए लेकिन शिक्षण ,शिक्षण संस्थानोंके पाठ्यक्रम और मुख्य धारा में ये तथ्यगायब है।इसलिए इस वास्तविकता से लोग और युवा पीढ़ी परिचित नहीं है। भविष्य के लिए भी यह स्थिति अत्यंत चिंतनीय है । हमने कभी भी इतिहास के अनुभव से सबक नहीं लिए। हम इसी में खुश रहते हैं कि ये मेरे घर,मेरे मोहल्ले में और मेरे साथ नहीं हो रहा है। यह चुप्पी अत्यंत घातक है।वैश्विक परिदृश्य की बात करें तो इजरायल और हमास युद्ध पर वैश्विक शक्तियों की चुप्पी को देख स्पेनिश लेखक अल्वारो पेनास ने लिखा कि इजरायल के अंततः विनाश की आशंका वास्तविक है इसके प्रति अमेरिका व यूरोपीय बौद्धिक उदासीन है लेकिन वह यह नहीं समझ रहे कि इजरायल के बाद अगला नंबर उनका ही होगा । इसके पूर्व भी हमने सोचा नहीं था कि बांग्लादेश के हिंदुओं के विनाश का अगला चरण भारत में इस तरह से देखने को मिलेगा ।

# याद ममतामयी मां और निर्दयी सास ललिता पवार की

**अजय कुमार शर्मा**

ऐसा सौभाग्य विरले कलाकारों को ही मिलता है कि अपने निभाए किसी रोल के आधार पर ही दर्शक उनको पहचानने और जानने लगें । ललिता पवार के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ। तेजतर्रार और जुल्म करने वाली सास के रूप में उन्होंने ऐसा जीवंत अभिनय किया कि लोग कठोर सास की उपमा ललिता पवार से ही करने लगे। ललिता पवार ने अपने 70 वर्ष के लंबे करियर में 700 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया। इसमें हिंदी, मराठी, गुजराती और भोजपुरी के अलावा अनेकों मूक फिल्में भी शामिल हैं । आधुनिक पीढ़ी उन्हें रामानंद सागर के लोकप्रिय टीवी धारावाहिक रामायण में मंथरा की भूमिका के लिए याद करती है। ललिता पवार का जन्म 18 अप्रैल, 1916 को नासिक जिले के येवले गांव में हुआ था । वह जब पैदा हुईं तो उनका नाम अंबिका रखा गया। प्यार से लोग उन्हें अंबू बुलाते थे। उनके पिता कपड़ों के व्यापारी थे। उस जमाने में लड़कियों को स्कूल भेजने का रिवाज नहीं था। अत: वे कभी स्कूल नहीं जा पाईं। उनका फिल्म नगरी में आना अचानक ही हुआ । 1928 में वह अपने भाई और पिता के साथ पुणे में एक मूक फिल्म देखने गई और पात्रों को चलते-फिरते देखकर बड़ी आश्चर्यचकित हुईं। उन्होंने जानना चाहा कि यह कैसे होता है तब किसी ने बताया यह फिल्म है जो किसी स्टूडियो में तैयार होती है। इस दौरान शुक्रवार पेठ में आर्यन फिल्म कंपनी की किसी फिल्म की शूटिंग चल रही थी।

वे भी शूटिंग देखने लगीं और किसी भागदौड़ में लहूलुहान हो गईं। वहां के अभिनेता ने जब उन्हें उठाया और पूछा कि तुम क्या कर रही हो तो उस निर्भीक लड़की का जवाब था कि वह रामलीला देखने आई है। नाना साहेब सरपोतदार फिल्म के निर्देशक थे। जब उनसे पूछा गया कि तुम हमारी रामलीला में काम करोगी तो बालसुलभ मुस्कुराहट के साथ उन्होंने हां कर दी। उनके पिता लक्ष्मण राव को तैयार करने में काफी समय लगा। तब उनका फिल्मी नाम रखा गया ललिता। इस तरह 1928 में आई पतितोद्धार उनकी पहली फिल्म बनी। उनके अच्छे अभिनय को देखकर आर्यन फिल्म कंपनी ने उन्हें अपने यहां रख लिया। मूक फिल्मों में क्योंकि स्टंट का बोलबाला रहता था इसलिए यहां रहते हुए उन्होंने घुड़सवारी, स्विमिंग, तलवारबाजी, लाठी और अनेक स्टंट सीखे। 12 साल में बाल कलाकार के रूप में शुरू हुई उनकी अभिनय यात्रा धीरे-धीरे लीड रोल तक जा पहुंची। इस दौरान उनकी मुख्य फिल्में थीं - चतुर सुंदरी, वल्लीकुमारी, शमशेर बहादुर, पृथ्वीराज संयुक्ता आदि । उन्होंने चतुर सुंदरी में अकेले ही 17 पात्रों का अभिनय किया। बेंगलुरु में कई फि ल्में करने के बाद वे बंबई (अब मुंबई) लौटीं। निर्माता चंद्रराव कदम उनके काम से प्रभावित हुए और उन्होंने उनको कई फिल्मों के लिए अनुबंधित कर लिया। कदम साहब के साथ ही उनकी पहली बोलती फिल्म हिम्मत- ए - मर्दा थी, जिसमें उन्होंने गाने भी गाए थे। 1938 में उन्होंने दुनिया क्या है फिल्म बनाकर एक बार फिर निर्माता के रूप में अपनी किस्मत आजमाई। यह फिल्म रूसी लेखक टॉलस्टाय के उपन्यास पर आधारित थी। 1938 में आई नेताजी पालकर उनकी उल्लेखनीय मराठी फिल्म थी। 1941 में आई फिल्म अमृत उनकी पहली हिट फिल्म थी। राजा नेने और गजानन जागीरदार के साथ 1944 में आई ऐतिहासिक फिल्म रामशास्त्री से भी उन्हें काफी शोहरत मिली जिसमें उन्होंने आनंदीबाई पेशवा की सशक्त भूमिका निभाई थी। अब वे नायिका के रोल कर रहीं थीं कि तभी उनके साथ एक दुर्घटना हुई जिसके चलते उन्हें फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं करने पर मजबूर होना पड़ा। जंग-ए-आजादी फिल्म की शूटिंग के दौरान जिसकी वे नायिका थीं, भगवान को उनके गाल पर थप्पड़ मारना था। लेकिन वह थप्पड़ इतनी जोर से लगा कि उनके कान से खून बहने लगा।

इलाज के बीच में डॉक्टर ने उन्हें गलत इंजेक्शन दे दिया जिसके कारण हुई एलर्जी से उनके चेहरे को लकवा मार गया और बाईं आंख पूरी तरह से खराब हो गई। वे तीन साल तक कहीं कोई काम नहीं कर सकीं । थक-हारकर उन्हें चरित्र भूमिकाएं निभाने के लिए मजबूर होना पड़ा, हालांकि उन्होंने थप्पड़ की इस घटना को सदैव अभिशाप की बजाए वरदान ही माना क्योंकि अगर वह हीरोइन बनती है तो शायद कुछ ही फिल्में कर पाती लेकिन इसके चलते उन्होंने सैकड़ों चरित्र भूमिकाएं की। एस.एम. यूसुफकी फिल्म गृहस्थी में वे पहली बार चरित्र अभिनेत्री बनकर आईं । फिर तो उन्होंने कभी मुड़कर नहीं देखा। वी. शांताराम की दहेज में वे पृथ्वीराज कपूर के साथ आईं। दाग में दिलीप कुमार की मां, राज कपूर की फिल्म श्री 420 की केलेवाली और अनाड़ी की मिसेज डिसूजा, प्रोफेसर और मिस्टर एंड मिसेज 55 की कुंठित अविवाहिता ,परवरिश में राज कपूर और जंगली में शम्मी कपूर की मां के यादगार रोल कौन भूल सकता है। राजकपूर ने उन्हें अपनी कई फिल्मों में ममतामयी मां के रूप में प्रस्तुत किया ।

# स्ट्रीट डॉग और बंदरों को लेकर बने ठोस नीति

**योगेश कुमार सोनी**

स्ट्रीट डॉग्स और बंदरों की वजह से कई लोगों बेमौत मारे जा रहे हैं। गली-मोहल्लों में लावारिस कुत्तों के हमला करने से अलग-अलग जगह पर कई लोगों की जान जा चुकी है। आश्चर्य की बात यह है कि इस तरह के हादसे को लेकर किसी भी मुकदमा दर्ज नहीं हो सकता है। चूंकि जानवर ने हमला किया है तो किसको जिम्मेदार माना जाए? महत्वपूर्ण यह है कि हर राज्य का नगर निगम इसके लिए बजट पारित करता है। इस पैसे से ही कुत्तों की नसबंदी और उन्हें अन्य प्रकार के इंजेक्शन लगाए जाते हैं, जिससे वह अगर किसी इनसान को काटे भी तो मौत न हो लेकिन इस क्षेत्र का संबंधित विभाग बिलकुल भी काम नहीं करता। पूर्व में हुई घटनाओं के यदि वीडियो देखें तो मन विचलित और दुखी हो जाता है। इस तरह के कुत्तों की वजह से देश के अलग-अलग हिस्सों में सालाना हजारों मौतें हो रही हैं और कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। आखिर इस तरह से किसी मौत होने पर उस परिवार को कितना दुख होता होगा यह बताना बहुत मुश्किल है। लावारिस कुत्तों को पकड़ने और नियंत्रित करने के लिए उचित व्यवस्था नहीं है, जिससे वह और भी आक्रामक होते जा रहे हैं। राज्य सरकारों को आदेश है कि रेबीज के खतरे से बचने के लिए लावारिस कुत्तों का इलाज करना चाहिए लेकिन पशु विभाग इस मामले को लेकर कहीं भी गंभीर नजर नही आता। 'द लैंसेट इन्फेक्शियस डिजीज जर्नल' में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में रेबीज के कारण हर साल लगभग 6000 लोगों की मौत होती है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की ओर से मार्च, 2022 से अगस्त, 2023 तक देशभर के 15 राज्यों के 60 जिलों में एक सर्वे किया गया था। और यह वो आंकड़े हैं जो रजिस्टर्ड हुए हैं इसके अलावा बहुत सारे ऐसे केस हैं जो सरकार की निगाह में ही नहीं आते। इसके अलावा यदि बंदरों की बात करें तो बीते दशक में बंदर हिंसक होते जा रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर के अलावा तमाम राज्यों खासतौर पर महानगरों में बंदरों ने आतंक मचा रखा है। लोगों की जान जाने का कारण तो बनते हैं लेकिन आर्थिक नुकसान भी बहुत कर रहे हैं। घरों की छत पर जो सामान रखा होता है उसको नष्ट कर देते हैं। इसके अलावा जिन घरों में घुस जाते हैं वहां खाने का सारा सामान चट कर जाते हैं और भारी नुकसान भी कर देते हैं। इसके अलावा सड़कों पर दोपहिया वाहनों पर जा रहे लोगों पर हमला कर देते हैं जिससे वह गिर जाते हैं। जब भी कोई वाहन से गिरता है तो उसको काटते भी हैं। बंदरों के काटने से बचाव के प्रयास में कुछ लोग छत से गिरकर भी मर जाते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में बंदरों की वजह से हर वर्ष लगभग 55,000 लोग मारे जाते हैं। यह बड़ा व चिंताजनक आंकडां है। इसके अलावा करोड़ों रुपये का नुकसान भी होता है। इस समय उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बंदरों का आतंक सबसे ज्यादा बढ़ा हुआ है और स्वास्थ्य विभाग ने जो आंकड़े जारी किए है।

## अजब-गजब

# हाथी के गोबर से बनाते हैं लड्डू, दूर-दूर से चखने आ रहे लोग, एक प्लेट की कीमत कर देगी हैरान

आपने आजतक बेसन के लड्डू खाए होंगे. नारियल के लड्डू का स्वाद भी काफी लजीज होता है. मोतीचूर के शुद्ध घी में बने लड्डू का तो कोई जवाब ही नहीं है. लेकिन अगर आपसे कहें कि हाथी के गोबर से भी लड्डू बनाए जाते हैं तो? शायद आपको यकीन नहीं होगा और अगर होगा भी तो आप अपनी पूरी जिंदगी इस लड्डू को चखना नहीं चाहेंगे. लेकिन चीन में इसका ठीक उल्टा हो रहा है.

चीन का एक रेस्त्रां हाथी के गोबर से बने लड्डू के लिए मशहूर है. वर्षावन नाम के इस रेस्त्रां में सिर्फ चीन से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी लोग सिर्फ



इस लड्डू का स्वाद चखने के लिए आते हैं. इसे खाने के लिए लाइन लगाई जाती है. काफी मशक्कत के बाद ऑर्डर प्लेस हो पाता है और लोग इस अजीबोगरीब लड्डू का स्वाद चख पाते हैं. लग गया ना आपको झटका. लेकिन ये बात बिलकुल सच है.


हाथी के गोबर का भरपूर इस्तेमाल

चीनी न्यूज वेबसाइट के मुताबिक़, इस रेस्त्रां की शुरुआत चीन के ब्लांग जनजाति के एक शख्स ने की थी. उसी समय से इस रेस्त्रां का शेफ फ्रांस का है. इस रेस्त्रां की सबसे ख़ास बात है कि यहां आपको ना सिर्फ हाथी के गोबर से बना लड्डू मिल जाएगा बल्कि इस गोबर के इस्तेमाल से बने लगभग 14 डिश भी मिल जाएंगे. हर डिश का स्वाद उतना ही अनोखा होता है जिसे खाने के लिए लोग अपने पूरे परिवार के साथ आते हैं. कई टूरिस्ट तो फ्रांस से सिर्फ हाथी के गोबर के लड्डू का स्वाद चखने ही आते हैं.

## सेहद

# सेहत के लिए वरदान है एक कटोरी अनार

अनार में विटामिन सी, विटामिन के, पोटैशियम, आयरन, फ ाइबर और एंटीऑक्सिडेंट्स पाए जाते हैं। इस तरह के पोषक तत्वों की वजह से अनार को सेहत के लिए वरदान माना जाता रहा है। जो लोग रेगुलरली अनार का सेवन करते हैं, वो सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का शिकार बनने से बच सकते हैं। आइए अनार खाने के कुछ हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में भी जानकारी हासिल करते हैं।



**किस समय खाना ज्यादा फ ायदेमंद ?**

अनार को ब्रेकफास्ट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। सुबह-सुबह एक कटोरी अनार खाना आपकी सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। अगर आप अपनी वेट लॉस जर्नी को आसान बनाना चाहते हैं, तो हर रोज नाश्ते में एक कटोरी अनार खाना शुरू कर दीजिए और महज कुछ ही हफ्तों में खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर देखिए।

**बूस्ट करे इम्यून सिस्टम**

अनार में पाए जाने वाले तत्व आपकी कमजोर इम्यूनिटी को काफी हद तक मजबूत बना सकते हैं। अगर आप कमजोर इम्यूनिटी की वजह से बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो आपको अनार को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अनार को दिल की सेहत के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है। क्या आप जानते हैं कि आप रेगुलरली अनार का सेवन कर अपनी गट हेल्थ को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं? कब्ज जैसी पेट से जुड़ी समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप अपने डेली डाइट प्लान में अनार को शामिल कर सकते हैं। अनार आपकी मेमोरी को इम्प्रूव करने में भी कारगर साबित हो सकता है।

**मेष**

आज आपके मन में किसी बात को लेकर उथल पुथल बनी रहेगी, जिसका असर आपके बिजनेस पर भी पड़ेगा। आप किसी अजनबी पर भरोसा करके किसी नुकसान में आ सकते हैं, इसलिए आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी दिनचर्या बेहतर रहेगी, लेकिन आप अपने कामों मे आगे बढ़ेंगे। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप कार्यक्षेत्र में कुछ कामों में बदलाव करेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्त हो सकती हैं, लेकिन विद्यार्थियों की किसी नए कोर्स को करने की इच्छा जागृत होगी।

**कर्क**

आज आप किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप ईर्ष्यालु और झगड़ालु लोगों से दूरी बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव खूब पसंद आएंगे। घूमने-फिरने जाने की आप योजना बना सकते हैं और रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपनी संतान को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उसे आसानी से पूरी करेंगे। आपको ननिहाल पक्ष से धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको किसी कानूनी मामले में लापरवाही समस्या बन सकती है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आप अपने व्यवसाय में कुछ नई चीजों को शामिल करेंगे। आपका किसी संपत्ति को लेकर यदि वाद-विवाद चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। आप अपने भाई व बहनों से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आप अपने शौक और मौज की चीजों पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। आपकी किसी बात को लेकर पिताजी आपसे नाराज हो सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत के प्रति आपको सचेत रहना होगा, क्योंकि उनको कोई हड्डियों से संबंधित समस्या होने की संभावना है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं। आपको कोई एलर्जी या इन्फेक्शन आदि से संबंधित समस्या होने की संभावना है। आप अपने भाई व बहनों से किसी बात को लेकर बेवजह न उलझें।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ कुछ समय अकेले में व्यतीत करेंगे, जिससे दोनों अपनी आगे की जिंदगी के बारे में प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपनी संतान के मनमाने व्यवहार को लेकर परेशान रहेंगे।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। आपको अपनी संतान के करियर को लेकर किसी योजना में धन

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी बहकावे में ना आए। यदि कुछ पारिवारिक समस्याएं यदि लंबे समय से चली आ रही थी, तो उनसे आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।

**मीन**

आज आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग प्रमोशन मिलने से काफी खुश रहेंगे। जो लोग सरकारी नौकर की तैयारी में लगे हैं, उन्हें अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। संतान की संगति पर आपको विशेष ध्यान देना होगा।

प्रतिदिन राजधानी
मंगलवार 22, अप्रैल 2025

# निर्माणाधीन कॉलोनियों में सुरक्षा और पर्यावरण का रखें ध्यान: महापौर चौबे

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त पंकज शर्मा ने नगर निगम रायपुर क्षेत्र के समस्त पंजीकृत कालोनाईजर को निर्माणाधीन कालोनी के निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानको एवं पर्यावणीय प्रबंधन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये है। अपर आयुक्त ने समस्त पंजीकृत कालोनाईजर को निर्देशित किया है कि नगर निगम रायपुर के अधिकार क्षेत्र में स्थित कालोनियों के निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा एवं पर्यावरणीय प्रबंधन के उच्चतम मानकों का पालन किया जाना अत्यंत आवश्यक हैं। आगामी वर्षा ऋतु एवं वर्तमान निर्माण गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। निर्माण कार्य के



दौरान कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा हेतु समस्त सुरक्षा मानक उपकरणों का उपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जावे। निर्माण क्षेत्र को सुरक्षित रूप से घेरा जाये एवं चेतावनी संकेत लगाया जावे जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। रात्रिकालीन समय पर उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चत की जाये तथा निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले सामाग्री एवं सटरिंग सामग्री मानक अनुसार हो। निर्माण कार्य के दौरान ऊंचाई में कार्य करने हेतु बांधे जाने वाले फाम वर्क (भाडा) पर्याप्त रूप से सुरक्षित हो, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। कालोनी अंतर्गत आगामी वर्षा ऋतु में सफल जल संचयन सुनिश्चित करने के लिए निर्मित रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की पूर्ण सफाई कर वर्षा ऋतु से पहले उन्हे क्रियाशील किया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि इन प्रणालियों में किसी प्रकार पर गाद, प्लास्टिक एवं अपशिष्ठ जमा न हो। कालोनी अंतर्गत निर्मित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कियाशीलता की जांच की जाये तथा सभी अपशिष्ठ जल का उपचार कर उसका उपयोग उद्यानों एवं सार्वजनिक हरित क्षेत्र में हो यह सुनिश्चित किया जाये। एस.टी.पी. में नियमित मेंटेनेंस शेड्यूल का पालन किया जाये तथा किसी प्रकार की गंध या रिसाव न हो यह सुनिश्चित किया जाये। यह भी ह भी सुनिश्चित किया जाये कि कालोनियों के अपशिष्ठ जल का शत-प्रतिशत उपयोग कालोनी में हो जाये। इसके बाद भी यदि जल बचता है तो वह जल प्रसंस्कण के उपरांत ही नाले एवं नालियों में बहा दिया जाये। कालोनियों में जल भराव एवं जल जमाव की समस्या न हो, इसके लिए नालियों की सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था सुलभ हो यह सुनिश्चित किया जाये जिसे किसी प्रकार की महामारी से बचा जा सके। कालोनियों में निर्माण के दौरान किसी भी प्रकार के गडढे इत्यादि निर्माण कार्य के लिए किये जाते है तो उक्त गड्?ढो का घेराव व्यवस्थित ढंग से करते हुए संकेतक एवं बैरिकेडिंग सुनिश्चित किया जावे। कालोनी में विद्युत कार्यों में यह सुनिश्चित किया जाये कि सभी पोल में अर्थींग ठीक से कार्य कर रही है या नहीं कर रही है की, जांच करते हुए सभी विद्युत कार्यों में अर्थिंग का कार्य सही ढंग से कराया जाये। मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, अपार्टमेंट कालोनियों में यह सुनिश्चित किया जाये कि तड़िक चालक उपकरण लगाया जाना सुनिश्चित हो। अपर आयुक्त ने समस्त पंजीकृत कालोनाईजर को निर्देशित किया है कि उपरोक्त कार्यों के साथ-साथ सुरक्षा मानकों एवं पर्यावरणीय प्रबंधन हेतु आवश्यकता के आधार पर अन्य कार्यों को भी अनिवार्य रूप से अपनी-अपनी कालोनियों में सुनिश्चित करेगें जिससे भविष्य में होनी वाली किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके एवं पर्यावणीय प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

## सार समाचार

### सुशासन तिहार : निगम जोन 10 द्वारा आमजनों से प्राप्त कुल 164 में से 136 मांग - शिकायतों का गुणवायुक्त त्वरित समाधान

**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना सुशासन तिहार- 2025 के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर निगम रायपुर के सभी 10 जो नों के समस्त 70 वार्डों में विगत दिनांक 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक वार्डवार शिविर का आयोजन किया गया था. उक्त जानकारी देते हुए नगर निगम जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी और जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने बताया कि उक्त वार्ड वार शिविर में नगर निगम रायपुर के जोन 10 के वार्डों में आम जनता से कुल 164 मांग और शिकायतें प्राप्त हुई थीं. नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के विद्युत विभाग में लाईट मरम्मत, नया लाईट लगाने, 14 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें सभी स्ट्रीट लाईट मरम्मत कर लगायी गयी है एवं 36 नग नई स्ट्रीट लाईट लगाई गई है. इस प्रकार 50 शिकायत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है. स्वास्थ्य विभाग में रोड सफाई, नाली सफाई, चौक-चौराहे की सफाई, मुक्कड की सफाई एवं डस्टबीन रखे जाने हेतु शिकायत के सम्बन्ध में 50 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 48 शिकायत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। राशन कार्ड हेतु नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं नया राशन कार्ड बनाने हेतु 8 शिकायत व 16 मांग आवेदन प्राप्त हुई थी । राशन कार्ड से संबंधित सभी 24 मांग/शिकायत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है. जल विभाग में बोर मरम्मत, नये नल कनेक्शन एवं कनेक्शन मरम्मत से संबंधित 08 शिकायत प्राप्त हुई थी,

# बिगड़ती कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर कांग्रेसियों ने किया सीएम हाउस घेराव के लिए कूच

## दीपक बैज ने अपराध के आंकड़ों के साथ सरकार पर बोला हमला, एक साल में 93 हत्याओं का दावा

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का ऐलान किया। प्रदर्शन से पहले आयोजित सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला और अपराध से जुड़े आंकड़े साझा किए। सभा स्थल पर पूर्व पीसीसी चीफधनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू और वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा भी मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए बैज ने कहा, प्रदेश की जनता आज डरी हुई है। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हमारी लड़ाई जनता के हक और बेटियों की सुरक्षा के लिए है।

**93 हत्याएं केवल रायपुर में- बैज का दावा**

बैज ने आरोप लगाया कि सिर्फरायपुर में पिछले एक साल में 93 हत्याएं हुई हैं। उन्होंने कहा, दुर्ग और रायपुर जैसे शहरों में बेटियों के साथ बलात्कार हो रहे हैं। मुंगेली में एक लड़की 10 दिनों से गायब है और सरकार उसे तलाश नहीं पा रही। मरवाही में भी बलात्कार की खबर आई है। यह स्थिति





बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आगे कहा कि अपराध के खिलाफ आवाज उठाना आज जरूरी हो गया है क्योंकि भाजपा सरकार अपराधों को रोकने में पूरी तरह विफल रही है।

**जनता का गुस्सा सड़कों पर**

पीसीसी चीफने यह भी कहा कि प्रदेश के कोने-कोने से कांग्रेस कार्यकर्ता कड़ी धूप में रायपुर पहुंचे हैं, जो यह दिखाता है कि जनता अब चुप नहीं बैठने वाली। यह प्रदर्शन किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि जनता की आवाज है जो अब सड़कों पर उतर चुकी है।

### महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, अत्याचार और दुष्कर्म के लिए कुख्यात हो चुकी है भाजपा सरकार



छत्तीसगढ़ में महिलाओं और अबोध बच्चियों के खिलाफ दिनोदिन बढ़ते अपराधिक कृत्यों, दुष्कर्म और अत्याचार की घटनाओं पर कड़ा प्रतिवाद करते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी जरिता लैतफलांग ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव साय सरकार प्रदेश की महिलाओं का भरोसा पूरी तरह से खो चुकी है। मां महामाया और दंतेश्वरी की इस पवित्र भूमि में भाजपा की सरकार आने के बाद नवरात्र के पावन पर्व में नवमी कन्या पूजन के दिन भी प्रदेश में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ अनाचार की घटना होती है, उसके बाद राजधानी रायपुर में 3 साल की बच्ची से यौनशोषण के मामले आते हैं।

# चेंबर के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सीएम साय को भगवान झुलेलाल की मूर्ति भेंट की गई







**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

चेंबर ऑफ कॉमर्स के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य मंत्री विष्णु देव साय को भगवान झूलेलाल की स्मृति चिन्ह उन्हें भेट की गई। श्रीचंद सुंदरानी , किशोर आहूजा , चैंबर उपाध्यक्ष राजूभाई तरवानी , मंत्री भरत पमनानी, रतन लीलानी, गौरव मंघानी, राजेश गंगवानी नानक राम गिदवानी शामिल हुए.।

# अवतरण दिवस अर्थात विश्व सेवा दिवस

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

19 अप्रेल को संत आशाराम बापूजी 89 वां जन्मदिन है । साधक इसे विश्व सेवा दिवस के रूप मे मनाते हैं । चुने हुए 50 गरीब परिवार मे अनाज, दाल, पोहा, आटा, वस्त्र, तोश पैकेट वितरण व विशाल भंडारे का आयोजन, रोटी दाल, पुलाव, कड़ी, हलवा व छाछ वितरण सर्व प्रथम मंगल आरती कर आयोजन का भव्य शुभारम्भ कर आम जनता राहगीरों व पथिको व अथितियों को प्रसाद वितरण किया संतो का जीवन मानव मात्र के कल्याण के लिए होता है, संसार का किसी ने इतना कल्याण नहीं किया जितना संतजनों ने किया है । वर्तमान समय मे अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया उनके द्वारा शुरू किये गये देवी कार्य आज भी जनहित कर रहे हैं । मीडिया प्रभारी श्रीं शोभाराज मल ने जानकारी दी संत आशाराम बापूजी के अवतरण दिवस को विश?व सेवा दिवस के रूप मे साधक परिवार करीब 15 वर्षो से मनाते हुए आ रहे है । इसी कड़ी में 15 अप्रेल से आयोजन शहर मे चल रहे है ।20 अप्रेल को 1 बजे से विशाल मेगा मार्ट के सामने पंडरी तालाब व शाम 4 बजे से रेल्वे स्टेशन सर्व धर्म मंदिर के सामने भंडारे का आयोजन रखा गया है, आज के आयोजन मे मुख्य रूप से सिंधु शक्ति के सस्थापक किशोर आहूजा, भा जा पा जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी , शक्तिगम समिति के अध्यक्ष श्रीं मोहन लाल तेजवानी, सिंधी समाज वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित रहे व साधक परिवार के सुमीत अरोरा, हरेश गोविंदानी, पवन प्रेमचंदानी गोपाल तेजवानी,मनोज महानन्द, शंकर सिन्हा,राजेश मोहननी, मनोज गोगिया,डी नारायण राव, दुवारिका सिन्हा, कृतेश पोपतानी व साधिका बहनें व बाल संस्कार केंद्र के सेवाधारी बड़ी सख्या मे उपस्थित थे !



## निधन

### श्री रमेश ढोमन

**रायपुर,** प्रतिदिन राजधानी। श्री रमेश ढोमने पिता स्वं सदाशिव राव ढोमने वर्तमान निवासी देवरी महाराष्ट का आज दिनांक 09/04/2025 सुबह लगभग 08:00 बजे इनका स्वर्गवास हो गया जिनका अग्नि संस्कार आज देवरी महाराष्ट के मुक्तिधाम में दोपहर को किया गया। वे रायपुर निवासी सुधीर ढोमने, प्रवीण ढोमने के बड़े भाई थे।



# कर्मचारी संगठन से मुलाकात में महापौर ने कहा- वसूली को लेकर कोई निजीकरण का फैसला नहीं लिया

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने उनसे मिलकर ज्ञापन देने आये रायपुर नगर पालिक निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों राजस्व विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को बताया कि नगर पालिक निगम रायपुर में राजस्व वसूली ठेका एजेंसी के माध्यम से कराये जाने का रायपुर नगर निगम और महापौर ने कोई निर्णय नहीं लिया है. इस सम्बन्ध में संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त कर महापौर मीनल चौबे ने बताया कि उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को राजस्व वसूली के सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश दिया जाना सुनिश्चित किया जाये. महापौर ने राजस्व विभाग अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग के सहायक राजस्व विभाग के कर्मचारियों को राजस्व वसूली के मूल कार्य को अच्छी तरह करने अन्य कार्यों में ड्यूटी पर ना लगाया जाये. महापौर मीनल चौबे ने संघ के अध्यक्ष प्रमोद राव जाधव सहित उपाध्यक्ष श्रीमती स्वामी साहू, मोहित कुमार, श्याम सोनी, महामंत्री आशुतोष सिंह, राधेश्याम एक्का, महासचिव अंशुल शर्मा जुनियर, सैय्यद जोहेब, सचिव नितिश झा, योगेश कडु सहित सभी पदाधिकारियों राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को मांगों से सम्बंधित ज्ञापन देने पर उन्हें यह आश्वस्त किया .संघ के अध्यक्ष प्रमोद राव जाधव सहित सभी पदाधिकारियों ने महापौर मीनल चौबे से चर्चा के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 को नगर निगम रायपुर में राजस्व वसूली वर्ष घोषित करने का विनम्र अनुरोध किया है.

# कलिंगा विश्वविद्यालय दुबई यात्रा के साथ शिक्षा को सीमाओं से परे ले गया



**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

कलिंगा यूनिवर्सिटी, नया रायपुर, NAAC से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी है और लगातार तीसरे साल NIRF रैंकिंग 2024 में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों में स्थान पाने वाला छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है। यह मध्य भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में भी उभरा है।

विश्वविद्यालय ने समग्र शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण अध्याय की शुरुआत की है, जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन दुबई में किया गया। वैश्विक शिक्षण का अनुभव देने के उद्देश्य से आयोजित इस पाँच दिवसीय यात्रा में छात्रों और 2 संकाय सदस्यों की टीम ने दुबई के आधुनिकता और संस्कृति के अद्वितीय मिश्रण का अन्वेषण किया। इस पहल ने छात्रों को कक्षा आधारित शिक्षण से परे, उच्च तकनीकी बुनियादी ढांचे, नवाचार और तकनीकी प्रगति का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। उन्होंने नॉलेज पार्क, मरीना नौका क्रुज़, दुबई फ्रेम, मिरेकल गार्डन और रोमांचकारी डेजर्ट सफारी का अनुभव लिया। अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने के अलावा, इस यात्रा ने व्यक्तिगत विकास को प्रेरित किया, जिज्ञासा जगाई, तथा प्रतिभागियों के बीच स्थायी बंधन का निर्माण किया। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण था, जिसने इसके शैक्षणिक सफर में एक अंतरराष्ट्रीय अध्याय की शुरुआत को चिह्नित किया। दुबई यात्रा कालिंगा विश्वविद्यालय के उस वादे का प्रमाण है, जिसमें वह छात्रों को एक वैश्विक भविष्य में सफल होने के लिए रूपांतरकारी और वास्तविक जीवन से जुड़ा शिक्षण अनुभव प्रदान करता है।

## इनसाइड स्टोरी

# फ्लेक्स और होर्डिंग को लेकर बनाया जाएगा रोड मैप

**आर.पी. दुबे**
**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

देश के विकसित शहरों में राजधानी रायपुर की गिनती हो सके इसे लेकर नगर पालिक निगम प्रबंधन चिंतित है और निरंतर इस मुद्दे पर मनन किया जा रहा है । वही निगम प्रबंधन विद्युत पोल सहित चौक चौराहों पर मनमाने ढंग से लगाए गए फ्लेक्स और होर्डिंग को लेकर एक रणनीति कदम उठाने की तैयारी शुरू कर दी है । ताकि शहर को एक व्यवस्थित और सुरक्षित परिवहन की सुविधा दी जा सके यहां तक के फ्लेक्स को हटाने की तैयारी कर ली गई है।

**शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की मुहिम**




बता दें कि शहर के चौक चौराहों और सरकारी भवन से लेकर निजी भवनों के दीवारों में मनमाने ढंग से फ्लेक्स लगा दिए जाते हैं । इन फ्लेक्स की वजह से निरंतर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है । पिछले दिनों आंधी तूफान के कारण विद्युत खंबे पर लगे फ्लेक्स के कारण दुपहिया चालक दुर्घटना का शिकार हुए तथा निरंतर घटना के घटित होने की सूचना दर्ज कराई जा रही है । दिवस जयंती रैली प्रदर्शन और जन्मदिन की बधाइयां को लेकर फ्लेक्स लगा दिए जाते हैं जो कई दिनों तक सार्वजनिक जगह विद्युत पोल पर लहराते रहते हैं । जिसकी वजह से लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं । वही राहगीर को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इस मुद्दे पर **सभापति सूर्यकांत राठौड़** नगर पालिक निगम रायपुर ने **दैनिक प्रतिदिन राजधानी** से एक विशेष बातचीत में बताया कि फ्लेक्स और होर्डिंग को लेकर निगम प्रबंधन व्यापक स्तर पर मंथन करने जा रहा है । इसमें आयुक्त से चर्चा हुई है और व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है । उन्होंने बताया कि निगम फ्लेक्स लगाने वालों को 48 घंटे तक की अनुमति प्रदान करेगा 48 घंटे बाद फ्लेक्स लगाने वाले जिम्मेदार कंपनी और संस्था स्वयं फ्लेक्स को हटाने का काम करेंगे । इस पर कार्रवाई नहीं हुई तब निगम प्रबंधन फ्लेक्स हटाने की कार्रवाई के साथ जुर्माना की भी कार्रवाई संस्था और कंपनी पर कर सकता है। बता दे की निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने पदभार संभालने के बाद तुरंत स्पष्ट नीति के तहत उनके सम्मान में लगे फ्लेक्स और होर्डिंग्स को निगम के सामने से तत्काल हटाने के निर्देश जारी किए थे । जिसमें शहर वासियों ने सभापति के इस निर्णय का स्वागत किया था अब बारी है कि शहर में अन्य स्थानों पर मनमाने ढंग से लगे फ्लेक्स और होर्डिंग पर व्यापक रणनीति बनाकर काम किया जाए । इस पर सभापति राठौड़ ने **प्रतिदिन राजधानी** को भरोसा दिलाया है कि जल्द ही निगम एक व्यापक रणनीति बनाकर फ्लेक्स को शहर से हटाएगा और एक निश्चित स्थान पर फ्लेक्स लगाने की तैयारी की जाएगी इससे व्यवसाय करने वालों को अवसर बने रहेंगे । तथा प्रदर्शनकारी संस्था को भी लाभ मिल पाएगा वहीं शहर स्वच्छ और सुंदर दिखने में भी मदद हो सकेगी पानी बारिश के दिन में फ्लेक्स और होर्डिंग आत्मघाती हो जाते हैं । ऐसे में जल्दी निगम रणनीति कदम उठाकर तैयारी कर रहा है ताकि जून और जुलाई के दिनों में बारिश के दौरान होने वाली परेशानियों को रोका जा सके और नालों और नालियों में कचरे के अंबार को काम किया जा सके क्योंकि फ्लेक्स आंधी तूफान में उड़कर नाले और नालियों में पहुंच जाते हैं । और जाम लगने की स्थिति बनती है जिसे बचाने के लिए यह योजना तैयार की जा रही है।

प्रतिदिन राजधानी
मंगलवार 22 अप्रैल 2025

# बचपन में अनाथ हुए अरशद वारसी

## पेट पालने के लिए मेकअप बेचा, साउथ सुपरस्टार प्रभास को बताया जोकर



इंडस्ट्री में अरशद जाना पहचाना नाम हैं। हालांकि, उनके लिए इस मुकाम तक पहुंचना आसान नहीं था। बचपन में मां और पिता के गुजर जाने के बाद अरशद का सफर और मुश्किल हो गया था, लेकिन अरशद ने हार नहीं मानी एक-एक कर अपने सपने पूरे किए। छोटे-छोटे काम करके अपने डांस के शौक को पूरा किया। इसके बाद अरशद इंडस्ट्री में आए। अरशद कई बार विवादों में भी फंसे। उनका नाता कई बड़े विवादों से रहा है। अरशद वारसी का जन्म 19 अप्रैल 1968 में मुंबई में हुआ। अरशद मुस्लिम परिवार से ताल्लुक रखते हैं। अरशद ने बार्नेस स्कूल से पढ़ाई की। बचपन में मां को खो चुके अरशद महज 14 साल की उम्र में पिता की मौत के बाद अनाथ हो गए। पिता के जाने के बाद उनका रहना खाना भी मुश्किल हो गया था। घर चलाने के लिए अरशद ने दसवीं में ही पढ़ाई छोड़ दी और छोटी-मोटी नौकरी करना शुरू कर दिया।

### घर-घर जाकर बेचे मेकअप प्रोडक्ट्स

17 साल की छोटी उम्र में अरशद ने एक कॉस्मैटिक्स कंपनी में बतौर सेल्समैन की नौकरी की। कुछ समय बाद अरशद एक फोटो लैब में काम करने लगे। अरशद बचपन से ही डांस के शौकीन थे। आर्थिक हालत सुधरने के बाद अरशद ने अपना सपना पूरा करने का सोचा। टैलेंट की बदौलत अरशद ने अकबर सामी डांस ग्रुप जॉइन किया। इसके बाद अरशद ने ठिकाना और काश फिल्मों में बतौर कोरियोग्राफर काम किया।

### 21 साल की उम्र में खोला डांस स्टूडियो

अरशद को शुरू से ही डांसिंग का शौक था, उन्होंने अपने डांसिंग करियर में मुकाम हासिल किया। साल 1991 में अरशद ने इंडिया डांस कॉम्पिटिशन जीता। इसके बाद 1992 में 21 साल की उम्र में लंदन डांस कॉम्पिटिशन जीता और उन पैसों से अपना खुद का डांस स्टूडियो ऑसम खोल लिया। इसके बाद अरशद ने फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा के टाइटल ट्रैक के लिए बतौर कोरियोग्राफर काम किया।

### सर्किट के रोल से मिली अलग पहचान

पहली फिल्म के बाद अरशद ने कई फिल्मों में काम किया। लेकिन उन्हें पहचाना गया साल 2003 में आई फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस से। फिल्म में अरशद, संजय दत्त के साथ नजर आए थे। इस फिल्म में अरशद ने सर्किट का रोल अदा किया। उनके इस किरदार को काफी पसंद किया गया और उनको लोग सर्किट के नाम से जानने लगे थे। अरशद ने एक इंटरव्यू में कहा, अगर मुझे ये फिल्म नहीं मिलती तो शायद मेरा करियर खत्म हो जाता। इसके बाद अरशद हलचल, सलाम नमस्ते, गोलमाल, धमाल, लगे रहो मुन्ना भाई, क्रेजी 4 जैसी फिल्मों में नजर आए।

### साइड रोल करके दी मेन कैरेक्टर को एनर्जी

अरशद ने अधिकतर फिल्मों में साइड हीरो का रोल प्ले किया, लेकिन हमेशा उनके बिना मेन कैरेक्टर अधूरा रहा। फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में अरशद ने संजय दत्त के साथ काम किया। इसमें उन्होंने संजय के जिगरी दोस्त सर्किट की भूमिका निभाई। इसके बाद गोलमाल फ्रेंचाइजी में अजय देवगन के साथ काम किया। फिल्म में माधव की भूमिका अदा की। फिल्म के चारों पार्ट में अरशद, माधव की भूमिका में नजर आए। इस रोल ने भी अरशद को एक नई पहचान दिलाई।

### अरशद वारसी कई फिल्मों में दिखेंगे

अरशद अपकमिंग फिल्म जॉली एलएलबी 3, वेलकम टु द जंगल, धमाल 4 में नजर आएंगे। अरशद फिल्म जॉली एलएलबी 3 में अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अरशद की तीनों फिल्म साल 2025 में रिलीज हो सकती हैं।

### जया बच्चन ने अरशद को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का अल पचीनो कहा

अरशद बतौर कोरियोग्राफर तो अपनी जगह इंडस्ट्री में बना चुके थे, लेकिन अभी उनका एक्टिंग का सफर बाकी था। अरशद को एक्टर बनाने में जया बच्चन का हाथ था। अरशद डांस कोरियोग्राफ कर रहे थे तभी जया बच्चन की नजर उन पर पड़ी। उस समय अमिताभ बच्चन ने [illegible]प्रोडक्शन हाउस खोला था और उनको फिल्म तेरे मेरे सपने (1996) के लिए फ्रेश चेहरे की तलाश थी। जया ने अरशद को कास्ट कर लिया। इस फिल्म का गाना आंख मारे जबरदस्त हिट हुआ और अरशद को बतौर एक्टर भी पहचान मिल गई। जया बच्चन ने जब अरशद को पहली बार देखा तो कहा था कि यह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का अल पचीनो बनेगा।

### कॉमेडी ही नहीं सीरियस किरदार भी बखूबी निभाया

अरशद को सिर्फ कॉमेडी रोल के लिए पहचाना गया, लेकिन उन्होंने सीरियस किरदार को भी बखूबी निभाया। अरशद ने फिल्म सहर में एसएसपी अजय कुमार की भूमिका में नजर आए थे। अरशद ने समदीश भाटिया से बातचीत में अपनी फिल्म सहर के बारे में बात की थी। एक्टर ने कहा कि मेरी फिल्म सहर सबको जरूर देखनी चाहिए। मैंने खुद कबीर (डायरेक्टर) को कहा था कि तुम्हें लगता है कि इतने सीरियस रोल के लिए मुझे चुनना ठीक रहेगा, क्योंकि मैंने शुरू से ही कॉमेडी फिल्में की हैं।

### जॉली एलएलबी 2 में नहीं मिला लीड रोल

जॉली एलएलबी में अरशद ने बतौर लीड एक्टर काम किया था। अरशद को और फिल्म को काफी तारीफ मिली थी, लेकिन जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने बतौर लीड काम किया। इस पर अरशद ने मैशेबल इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा था कि 'मैं बहुत आलसी आदमी हूं। मुझे घर पर बैठना बहुत पसंद है। फॉक्स ये फिल्म बनाना चाहता था। अक्षय ये फिल्म करना चाहता था। मैं स्क्रिप्ट से खुश नहीं था, लेकिन मैं फिर भी ये फिल्म करने के लिए तैयार था, क्योंकि इस फिल्म के डायरेक्टर सुभाष मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और अगर सुभाष कहेंगे कि ये बहुत घटिया फिल्म है, मैं फिर भी उनके लिए वो फिल्म करूंगा। मैंने ही सुभाष से कहा था, सुभाष इस फिल्म में अक्षय के साथ काम करो और फिल्म बनाओ। अगर आप मुझे इस फिल्म में कास्ट करोगे तो आपको मेरे 500 फैंस मिलेंगे, लेकिन अगर अक्षय को लोगे तो उनके 5000 फैंस मिलेंगे।'

## सोहेल से तलाक को लेकर बोलीं सीमा सजदेह, कहा- मेरे और सोहेल के परिवार के बीच ऐसा रिश्ता है जिसे तोड़ना मुश्किल



सीमा सजदेह ने हाल ही में सोहेल खान और अपने तलाक को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि जब तलाक के बाद उन्हें यह फील हुआ कि उन्हें अपना ख्याल खुद रखना है तो वह हेल्पलेस हो गई थीं।

### आप खुद खुश नहीं होते तो बच्चों को भी खुश नहीं रख पाते

सीमा सजदेह ने जेनिस सेक्वेरा के साथ बातचीत में कहा, 'जब आप एक ऐसी शादी में होते हैं जहां आपकी लगातार लड़ाई होती रहे और एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहें, तो आप अपने बच्चों को भी अपना 100% नहीं दे पाते हैं। घर में चिड़चिड़े माता-पिता को देखकर माहौल काफी स्ट्रेसफुल हो जाता है। और जब आप खुद खुश नहीं हो तो आप अपने बच्चों को भी खुश नहीं रख पाते हो।'

### किसी रिश्ते में अफेयर डील-ब्रेकर नहीं

सीमा ने शादी के होते हुए अफेयर को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैं ईमानदारी से कह रही हूं, अफेयर कोई डील-ब्रेकर नहीं है। हम इंसान हैं। आप इन सब से निकलकर आगे बढ़ जाते हैं और यह इस बात पर भी डिपेंड करता है कि यह किस तरह का अफेयर था। अगर आप किसी के साथ होते हुए किसी दूसरे इंसान के बारे में सोच रहे हों, तो यह भी धोखा है। लेकिन डील-ब्रेकर यह है कि आप दोनों अपनी लाइफ में कैसे आगे बढ़ रहे हैं। लाइफ छोटी है, इसे जियो और खुश रहो। हंसी सबसे अच्छी दवा है, और जिस दिन आप साथ में हंसना बंद कर देते हैं तो सब कुछ खत्म हो जाता है।' सीमा ने शादी और तलाक पर बात करते हुए आगे कहा, 'आपको एक ऐसे मोमेंट पर पहुंचना चाहिए जहां आप उस व्यक्ति को फिर से पसंद करें। आपको उस व्यक्ति से नफरत नहीं करनी चाहिए।

## अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' की कमाई में इजाफा

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की फिल्म केसरी 2 के लिए रविवार का दिन अच्छा रहा, क्योंकि फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ। फिल्म को वीकेंड का फायदा मिला। वहीं, सनी देओल की जाट को भी छुट्टी का फायदा मिला। हालांकि, दूसरी तरफ गुड बैड अग्ली और ओडेला 2 की कमाई न तो बढ़ी और न ही घटी। पढ़ें रविवार को इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन किया।

### केसरी : चैप्टर 2

दिन 1 (शुक्रवार) - 7.75 करोड़ दिन 2 (शनिवार) - 9.75 करोड़ दिन 3 (रविवार) - 12.25 करोड़ कुल (पहला वीकेंड) - 29.75 करोड़ फिल्म को 1700 स्क्रीन पर सीमित रिलीज किया गया था और लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया के कारण छोटे शहरों और दो/तीन-स्तरीय कस्बों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हालाँकि फिल्म की शुरुआत औसत संख्या के साथ हुई थी, लेकिन सप्ताहांत में फिल्म ने लगातार वृद्धि देखी।

## भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह पर लगे धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज

### आरोप- 5 लाख लिए, नोट फेंके गए तो मंच पर माइक फेंककर परफॉर्मेंस अधूरी छोड़कर निकलीं



भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह और उनके पति विपिन सिंह के खिलाफ हाल ही में धोखाधड़ी के मामले में शिकायत दर्ज हुई है। हाल ही में बेगूसराय कोर्ट ने कपल को समन भेजा है। दोनों को जल्द से जल्द कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है। एक शो के ऑर्गेनाइजर्स का आरोप है कि कपल ने एक शो के लिए उनसे फीस ली थी, हालांकि दोनों ने परफॉर्मेंस पूरी नहीं की। शिकायतकर्ता के अनुसार, अक्षरा सिंह को 3 घंटे की परफॉर्मेंस के लिए इनवाइट किया गया था, हालांकि वो आधे घंटे में ही वहां से निकल गईं।

परफॉर्मेंस बीच में रोके जाने से दर्शक भड़क गए। इससे ऑर्गेनाइजर्स को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। शिकायतकर्ता ने ये भी बताया कि एक्ट्रेस को शो से पहले ही 5 लाख के करीब पेमेंट कर दी गई थी। ये रकम उनके पिता के अकाउंट में भेजी गई थी। साथ ही उनका कहना है कि अगर शो में दर्शकों ने उन पर पैसे फेंके तो इसमें ऑर्गेनाइजर्स की क्या गलती थी। बताया ये भी गया है कि ऑर्गेनाइजर्स ने उन्हें मनाने की काफी कोशिश की थी, लेकिन वो रुकी ही नहीं। कुछ महीनों पहले ही अक्षरा सिंह ने आजमगढ़ के एक इवेंट में परफॉर्मेंस दी थी। उनके मंच पर आते ही भीड़ इतनी बेकाबू हो गई कि पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। माहौल बिगड़ता देख अक्षरा सिंह मंच छोड़कर चली गई थीं। हालांकि करीब आधे घंटे बाद किसी तरह लोग शांत हुए। इसके बाद अक्षरा फिर से स्टेज पर आईं।

**50 लाख की रंगदारी की मांग हुई, जान से मारने की धमकी भी दी :** भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह से कुछ समय पहले ही 50 लाख की रंगदारी मांगी गई है। इसके साथ ही कहा गया था कि अगर दो दिन में रकम नहीं दी जाती, तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा।

### साल 2023 की दुर्गा पूजा से जुड़ा है मामला

अक्षरा सिंह और पति विपिन सिंह के खिलाफ साल 2023 के एक शो से जुड़े मामले में शिकायत दर्ज हुई है। बेगूसराय के शिकायतकर्ता शिवेश मिश्रा के अनुसार अक्टूबर 2023 में अक्षरा और विपिन को समस्तीपुर जिले के पास स्थित एक गांव में दुर्गा पूजा के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाया गया था। इस इवेंट के लिए उन्हें 5 लाख 51 हजार रुपए बतौर फीस दिए गए थे। उनकी परफॉर्मेंस के दौरान दर्शकों ने नोट फेंकने शुरू कर दिए। इस बात से नाराज होकर अक्षरा सिंह ने परफॉर्मेंस बीच में रोक दी और माइक फेंककर मंच से उतर गईं। जब ऑर्गेनाइजर्स ने उन्हें परफॉर्मेंस जारी रखने को कहा तो उन्होंने इवेंट आगे करने से साफ इनकार कर दिया।

### इन धाराओं के तहत दर्ज हुई शिकायत

अक्षरा सिंह के खिलाफ परिवाद पत्र संख्या 2006 /2023 के तहत भारतीय दंड विधान की धारा 323,420,406,427,504 और 506 जैसे गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराई गई है। मुकदमा में जो धाराएं लगाई गई है। वह धोखाधड़ी और गबन करने जैसे गंभीर अपराध से जुड़ी हुई है।

## पंजाब के एक्टर अभिनव शुक्ला को लॉरेंस गैंग की धमकी, कहा- जैसे सलमान खान के घर गोली चलाई, वैसे ही तेरे पूरे परिवार को मारूंगा



टीवी के मशहूर एक्टर अभिनव शुक्ला को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें सोशल मीडिया पर एक शख्स ने दी है, जो खुद को लॉरेंस का गुर्गा बता रहा है। वह कह रहा है कि जैसे सलमान खान के घर पर गोली मारी थी, वैसे ही तेरे पूरे परिवार को एके-47 से उड़ा दूंगा। इसकी जानकारी पंजाब के मूल निवासी अभिनव शुक्ला ने एक पोस्ट शेयर कर दी है। इसमें उन्होंने पंजाब और चंडीगढ़ पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि इस पूरी घटना को अभिनव की पत्नी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक और मॉडल आसिम रियाज के बीच रियलिटी शो बैटल ग्राउंड में हुई बहस से जोड़कर देखा जा रहा है। शो में बहस के बाद आसिम को निकाल दिया था। जब अभिनव अपनी पत्नी के सपोर्ट में आए तो आसिम के फैंस ने उन्हें धमकियां देनी शुरू कर दीं।

### एक्टर को धमकी मिली, पुलिस से शिकायत

इंस्टाग्राम के डीएम में आए एक मैसेज का स्क्रीनशॉट अभिनव शुक्ला ने शेयर किया है। इसमें लिखा है- मैं लॉरेंस का बंदा हूं। तेरा एड्रेस मुझे पता है। आ जाऊं क्या गोली मारने के लिए? जैसे सलमान खान के घर पर गोली मारता था, वैसे ही तेरे घर आकर तुझे और तेरे घर वालों को गोली मारूंगा। मुंबई में मुझे यह भी पता है कि तू कितने बजे काम पर होता है। तुझे आखिरी बार वॉर्निंग दे रहा हूं। आसिम को गलत बोलने से पहले तेरा नाम न्यूज पर आ जाएगा। लॉरेंस भाई आसिम के साथ है।

**पंजाब-चंडीगढ़ पुलिस से लगाई मदद की गुहार :** अभिनव शुक्ला ने सोशल मीडिया पोस्ट पर उक्त धमकी देने वाले की प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट शेयर कर लिखा- मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। पंजाब और चंडीगढ़ पुलिस इस व्यक्ति पर उचित कार्रवाई करे।

यह व्यक्ति चंडीगढ़ या मोहाली का निवासी लगता है। सख्त और तत्काल कार्रवाई करें। जो कोई इस व्यक्ति को पहचानता है, कृपया पंजाब पुलिस के साथ इसकी जानकारी साझा की जाए। एक्टर ने यूजर की प्रोफाइल का एक वीडियो भी साझा किया, जिससे पता चला कि धमकी देने वाला व्यक्ति चंडीगढ़ का निवासी है।

## धमाल के मानव वाली इमेज में फंसा हुआ था अब जाकर बाहर निकला हूं : जावेद जाफरी



कभी डांस विधा को नए आयाम देने वाले तो कभी अपने कॉमिक किरदारों से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले एक्टर जावेद जाफरी पिछले चार दशकों से इंडस्ट्री में अपना सिक्का जमाए हुए हैं। यही नहीं, इन दिनों वह काफी अलग-अलग किरदारों में भी नजर आ रहे हैं। वह खुद भी इस बात को मानते हैं कि पिछले कुछ समय में उन्हें काफी विविधतापूर्ण किरदार मिल रहे हैं, जिसकी वजह से उनकी पुरानी कॉमिडी वाली इमेज टूटी है।

### धमाल के मानव वाली इमेज में फंसा हुआ था

चालीस साल लंबे करियर में खुद को वक्त के साथ बदलते और जमाने के साथ रेलवेंट रखने के सवाल पर जावेद जाफरी कहते हैं, बतौर एक्टर आप कामयाब ही तब हैं, जब खुद को बदल सके, डायरेक्टर की सोच के हिसाब से किरदार में ढल जाएं। जैसे, पहले हम थोड़ी लाउड एक्टिंग करते थे, अब रियलिस्टिक एक्टिंग पर जोर होता है। अब मैं कहूं कि मैं अपनी ही तरह से काम करूंगा तो एक सीमा में बंधकर रह जाऊंगा और खुद को रिपीट करता रहूंगा। एक्टर के लिए जरूरी होता है कि जिनके साथ काम करें, उनके हिसाब से ढलते जाइए। तभी नयापन आ जाता है। दूसरे, आपको ऐसे रोल मिलने चाहिए।

### अच्छाई-बुराई की जंग चलती रहेगी

इन गलियों में फिल्म में जावेद का किरदार मिर्जा लोगों को धर्म के नाम पर नफरत ना करके प्यार का पैगाम देता है। यह अजीब बात नहीं है कि इतने सालों बाद भी लोगों को यह बात समझानी पड़ रही है? इस पर जावेद कहते हैं, बिल्कुल अजीब है, मगर अच्छाई और बुराई की जंग तो एडम और इव के जमाने से चली जा रही है। वह जंग चल रही है और पता नहीं कब तक चलती रहेगी। दोनों अपनी-अपनी चाल से चल रही हैं, देखना ये है कि आखिर में जीतता कौन है।

# बीसीसीआई वार्षिक अनुबंध में रोहित, विराट, बुमराह और जडेजा ए-प्लस में बरकरार

## श्रेयस अय्यर, ईशान किशन की वापसी, वरुण चक्रवर्ती को पहली बार अनुबंध

**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को 1 अक्टूबर 2024 से 30 सितंबर 2025 तक के लिए अपने वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा कर दी है। शीर्ष श्रेणी ए-प्लस में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जबकि कुछ नए चेहरों को भी इस सूची में शामिल किया गया है। अनुभवी ऑफस्पिन गेंदबाज़ रविचंद्रन अश्विन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कारण बाहर कर दिया गया है।

### ए-प्लस ग्रेड में वही चार दिग्गज

बीसीसीआई ने ए-प्लस श्रेणी में एक बार फिर कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को बरकरार रखा है। इस श्रेणी में खिलाड़ियों को सालाना 7 करोड़ रुपये का मानदेय मिलेगा।

**श्रेयस अय्यर की वापसी, ईशान किशन सी ग्रेड में**

पिछले साल घरेलू क्रिकेट न खेलने के कारण अनुबंध सूची से बाहर हुए श्रेयस अय्यर की इस बार बी (क्र) श्रेणी में वापसी हुई है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विराम लेकर रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलने वाले ईशान किशन को सी (ष्ट) श्रेणी में रखा गया है।



### वरुण चक्रवर्ती को पहली बार अनुबंध, अश्विन बाहर

चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले स्पिन गेंदबाज़ वरुण चक्रवर्ती को पहली बार बीसीसीआई के अनुबंध में जगह मिली है। वहीं, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रविचंद्रन अश्विन का नाम इस सूची में नहीं है।

### अनुबंध श्रेणी और वार्षिक मानदेय

ए-प्लस ग्रेड: 7 करोड़ रुपये
ए ग्रेड: 5 करोड़ रुपये
बी ग्रेड: 3 करोड़ रुपये
सी ग्रेड: 1 करोड़ रुपये

### अनुबंध कैसे मिलता है?

बीसीसीआई के नियमों के अनुसार, किसी खिलाड़ी को साल में कम से कम 3 टेस्ट, 8 एकदिवसीय या 10 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने होते हैं। इसी आधार पर वरुण चक्रवर्ती (18 अंतरराष्ट्रीय मैच) समेत हर्षित राणा, अभिषेक शर्मा और नितीश कुमार रेड्डी को पहली बार अनुबंध मिला है।

### पूरी अनुबंध सूची

**ए-प्लस श्रेणी:** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा।

**ए श्रेणी:** मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत।

**बी श्रेणी:** सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर।

**सी श्रेणी:** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, राजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, नितीश कुमार रेड्डी, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

# होल्गर रून ने कार्लोस अल्कारेज को हराकर जीता बार्सिलोना ओपन का खिताब



**एजेंसी, बार्सिलोना**

डेनमार्क के टेनिस स्टार होल्गर रून ने रविवार को बड़ा उलटफेर करते हुए वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्कराज को हराकर बार्सिलोना ओपन 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया।

रून ने खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7-6 (8/6), 6-2 से जीत दर्ज की। इसके साथ ही उन्होंने करीब एक साल बाद कोई खिताब अपने नाम किया। यह मुकाबला खास इसलिए भी रहा क्योंकि अल्कराज अपने पिछले 23 क्ले कोर्ट मैचों में सिर्फ दूसरी बार हारे हैं। होल्गर रून ने जीत के बाद कहा, ये एक पागलपन भरा एहसास है। करीब एक साल बाद खिताब जीतना मेरे लिए बेहद खास है। कार्लोस जैसे खिलाड़ी और अच्छे दोस्त को फाइनल में हराकर ये पल मेरे लिए खास है। मैंने पूरे मैच में संयम बनाए रखा और रणनीति के साथ खेला। फाइनल मुकाबले की शुरुआत में कार्लोस अल्कराज ने पांचवें गेम में ब्रेक लेकर बढ़त बनाई थी, लेकिन रून ने तुरंत वापसी करते हुए स्कोर 3-3 कर दिया। इसके बाद रूने ने 10वें गेम में दो सेट पॉइंट बनाए, हालांकि अल्कराज ने उन्हें बचा लिया। पहला सेट टाई-ब्रेक तक गया, जहां रून ने मौके का फायदा उठाते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। यह इस हफ्ते अल्कराज का पहला सेट था जो उन्होंने गंवाया। दूसरे सेट में अल्कराज ने शुरुआत में दो ब्रेक प्वाइंट जरूर बनाए, मगर रून ने उन्हें बचाया। तीसरे गेम के बाद अल्कराज ने मेडिकल टाइमआउट लिया और फिर कोर्ट पर लौटे। हालांकि तब तक होल्गर रून ने मैच की पकड़ मजबूत कर ली थी। रून ने दो बार अल्कराज की सर्विस ब्रेक करते हुए दूसरा सेट 6-2 से अपने नाम कर खिताब जीत लिया।

Sports News

## वैभव 10 साल की उम्र में हर दिन खेलते थे 600 गेंद



**एजेंसी,नई दिल्ली।** 14 साल की उम्र में आईपीएल में शनिवार को डेब्यू करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने शार्दुल ठाकुर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर दुनिया को चौंका दिया। ऐसी प्रतिभा रातों-रात नहीं बनीं, इस अविश्वसनीय कहानी की नींव तब पड़ी जब उनके पिता संजीव सूर्यवंशी ने अपने बेटे के क्रिकेट सपनों को पूरा करने के लिए अपनी खेती की जमीन बेच दी। इसे आगे बढ़ाते हुए पटना के क्रिकेट कोच मनीष ओझा ने इस विशेष प्रतिभा को पहचाना और सुनिश्चित किया कि 10 साल के वैभव को कम से कम 600 गेंदों का सामना करने का मौका मिले, ताकि जब भी मौका मिले, वह बड़ी चुनौती के लिए तैयार रहे। राजस्थान रायल्स के राहुल द्रविड़ और जुबिन भरूचा ने आईपीएल की शुरुआत से पहले उसे 150 से अधिक की गति से साइड-आर्म थ्रोडाउन का सामना करवाकर इस अनगढ़े हीरे को चमकाने में अपना योगदान दिया। आईपीएल नीलामी में राजस्थान रायल्स के 1.10 करोड़ रुपये खरीदा था।

कोच ने कहा कि आप लोगों ने उसके शॉट में ताकत देखी। बल्ले की स्विंग और सही टाइमिंग देखी। अगर छक्का मारने के लिए ताकत ही एकमात्र मानदंड होता तो पहलवान क्रिकेट खेलते। यह पांच साल की ट्रेनिंग है, जिसमें हर दिन 600 सौ गेंदें खेली जाती हैं। उन्होंने कहा कि अकादमियों में अन्य लड़के शायद एक दिन में 50 गेंदें खेलते हैं। मैंने वैभव के ट्रेनिंग सत्रों के लगभग 40 वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। आप देखेंगे कि उसका बल्ले का स्विंग युवराज सिंह जैसा है। वैभव के कोच ओझा ने कहा कि उसके माता-पिता शानदार हैं। उसके पिता मैच दिखाने के लिए हर दूसरे दिन 100 किलोमीटर की यात्रा करते थे। मां उसके खान-पान को लेकर बहुत सजग रहती थीं। अगर कोई व्यक्ति प्रतिदिन 600 गेंदें खेलता है तो उसे प्रोटीन के मामले में ज्यादा पोषण की जरूरत होगी।

### मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेट से हराया

# रोहित-सूर्यकुमार की तूफानी साझेदारी से मुंबई ने चेपॉक की हार का लिया बदला

**एजेंसी,मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एक रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 9 विकेट से हराकर अपनी जीत की हैट्रिक पूरी की। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की शानदार साझेदारी ने चेन्नई को पलटवार का कोई मौका नहीं दिया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 176 रन बनाए। शिवम दुबे ने 32 गेंदों पर 50 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि रवींद्र जडेजा ने 35 गेंदों में नाबाद 53 रन बनाकर पारी को संभाला। 17 वर्षीय युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने भी 15 गेंदों में 32 रन बनाकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक



पहुंचाया। मुंबई के लिए जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट चटकाए, जबकि दीपक चाहर, अश्विनी कुमार और मिचेल सेंटनर को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत मजबूत रही। रियान रिक्लेटन और रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। रिक्लेटन 19 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए, जो चेन्नई के लिए एकमात्र सफलता रही और वह विकेट रवींद्र जडेजा ने लिया। इसके बाद रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने मिलकर मैच को एकतरफा बना दिया। रोहित ने 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा करते हुए 76 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं सूर्यकुमार यादव ने महज 26 गेंदों में पचासा जड़ा और 68 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर चेन्नई के गेंदबाजों की एक न चलने दी। 16वें ओवर में मथीशा पथिराना को दोनों ने तीन छक्के जड़कर मैच का अंत कर दिया। मुंबई इंडियंस ने 15.4 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया और चेन्नई से चेपॉक में मिली हार का बदला चुकता किया।

### ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग

## तेलुगु पैंथर्स, मराठी वल्चर्स और भोजपुरी लेपर्ड्स ने दर्ज की शानदार जीत



**एजेंसी,गुरुग्राम**

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में चल रही ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) के रविवार के मुकाबले रोमांच और एक्शन से भरपूर रहे। दिन के तीन मुकाबलों में तेलुगु पैंथर्स, मराठी वल्चर्स और भोजपुरी लेपर्ड्स ने अपने-अपने विरोधियों को हराकर दमदार जीत दर्ज की।

**पुरुष मुकाबलों ने बनाया हाई-वोल्टेज माहौल**

महिलाओं के मुकाबलों के धमाकेदार आगाज़ के बाद रविवार को पुरुष टीमें मैदान में उतरीं। पुरुष मैचों में बड़ी संख्या में लड़कियों की मौजूदगी ने स्टेडियम का माहौल और भी शानदार बना दिया। दर्शकों के उत्साही समर्थन और जोरदार जयकारों ने मुकाबलों का रोमांच दोगुना कर दिया।

**तेलुगु पैंथर्स ने तमिल लायंस को दी शिकस्त**

दिन के पहले मुकाबले में तेलुगु पैंथर्स ने तमिल लायंस को 33-27 से हराया। पैंथर्स ने 16 रेड और 13 टैकल पॉइंट जुटाते हुए मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी। तमिल लायंस की मजबूत रेडिंग (18 पॉइंट) के बावजूद ऑल-आउट पॉइंट की कमी उन्हें भारी पड़ी। तेलुगु पैंथर्स के ऑलराउंड प्रदर्शन ने उन्हें शानदार जीत दिलाई।

## 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता अब पंचकूला नहीं, बेंगलुरु में होगी

### पाकिस्तान के अरशद नदीम को भी भेजा गया न्योता



**एजेंसी,नई दिल्ली**

भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स जैसे बड़े मंचों पर स्वर्ण पदक जीतकर हर मुकाम हासिल किया है। अब वो एक ऐसा कदम उठाने जा रहे हैं, जिसे वह अपनी सबसे बड़ी विरासत मानते हैं। भारत में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की भाला फेंक प्रतियोगिता 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' का आयोजन किया जाएगा।

**पंचकूला से बेंगलुरु शिफ्ट हुआ इवेंट**

पहले यह मुकाबला हरियाणा के पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में होना था लेकिन स्टेडियम की फ्लडलाइट्स में तकनीकी दिक्कत के चलते अब इसे बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में 24 मई को आयोजित किया जाएगा।

**पाकिस्तान के अरशद नदीम को भेजा न्योता**

इस खास इवेंट में पाकिस्तान के ओलंपिक मेडलिस्ट अरशद नदीम को भी आमंत्रित किया गया है। हालांकि, अब तक उनकी ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। नीरज और अरशद के बीच मैदान में होने वाली भिड़ंत हमेशा रोमांचक रही है और अगर वो आए तो मुकाबला और दिलचस्प हो जाएगा।

**दिग्गज एथलीट लेंगे हिस्सा**

इस टूर्नामेंट में वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), 2016 ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट थॉमस रोहलर (जर्मनी), करंट वर्ल्ड लीडर कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका) और खुद नीरज चोपड़ा सहित कई बड़े एथलीट हिस्सा लेंगे।

**नीरज बोले- यही मेरी असली विरासत**

नीरज ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब मैं ओलंपिक या वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीतता था, लोग पूछते थे अब आगे क्या? उन सपनों को तो मैंने पूरा कर लिया, लेकिन यह टूर्नामेंट करवाना मेरे लिए एक सपना था। इससे मुझे लगता है कि मैं भारतीय एथलेटिक्स और यहां के एथलीट्स को कुछ लौटाने में कामयाब हो रहा हूं। गौरतलब है कि नीरज ने भारत में आखिरी बार फेडरेशन कप 2024 में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने 82.27 मीटर भाला फेंक कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।

### फेडे वॉल्वरडे ने 93वें मिनट में किया कमाल

## एथलेटिक क्लब पर जीत से रियल मैड्रिड ने जलाईं खिताबी उम्मीदें



**एजेंसी, मैड्रिड**

ला लिगा में खिताबी दौड़ में बने रहने के लिए रियल मैड्रिड ने आखिरी पलों में शानदार जीत दर्ज की। रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में फेडे वॉल्वरडे ने 93वें मिनट में गोल दागकर एथलेटिक क्लब को 1-0 से हराया। इस जीत के साथ ही मैड्रिड ने टाइटल रेस में बार्सिलोना से फासला चार अंक पर कायम रखा।

**बार्सिलोना से पिछड़ने की कगार पर था मैड्रिड**

चैंपियंस लीग में आर्सेनल से हारने के बाद रियल मैड्रिड के लिए यह मुकाबला बेहद अहम था। लंबे समय तक गोल के लिए जूझने के बाद लग रहा था कि टीम एक और निराशाजनक नतीजा झेलेगी, लेकिन उरुग्वे के स्टार खिलाड़ी वॉल्वरडे ने स्टॉपेज टाइम में टॉप कॉर्नर में जबरदस्त गोल कर टीम को जीत दिला दी।

**काइलियन एम्बाप्पे की गैरमौजूदगी और विनीसियस की चमक**

एथलेटिक क्लब ने इस मुकाबले में अपने कई स्टार खिलाड़ियों को आराम दिया था, जबकि रियल मैड्रिड काइलियन एम्बाप्पे के बिना उतरा। एम्बाप्पे निलंबन और टखने की चोट से जूझ रहे हैं।

**बेलिंघम के मिस और गोलकीपर सिमोन की शानदार**

दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने आक्रामक तेवर दिखाए। रोड्रिगो और कैमाविंगा ने कोशिशें कीं, लेकिन एथलेटिक के गोलकीपर उनाई सिमोन ने शानदार बचाव किए। विनीसियस ने भी शानदार क्रॉस दिया, जिसे बेलिंघम ने हेड किया, लेकिन सिमोन ने उसे भी बचा लिया। अंतिम पलों में बेलिंघम ने पेनल्टी की अपील की, लेकिन रेफरी ने नकार दिया।

**किंग वॉल्वरडे ने दिलाई जीत, अब नजर कोपा डेल रे फाइनल पर**

जब मुकाबला ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, तभी फेडे वॉल्वरडे ने बॉक्स के बाहर से एक शानदार स्ट्राइक लगाई, जो सिमोन के पास भी नहीं पहुंची। इस गोल से रियल मैड्रिड को जीत मिली और अब टीम कोपा डेल रे फाईनल में बार्सिलोना से भिड़ने के लिए तैयार है।

## पीएसएल में खिलाड़ी को मिला गोल्ड आईफोन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग अपने खेल के अलावा कई और कारणों से चर्चा में रहती है। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा इस लीग में दिए जाने वाले अवॉर्ड्स को लेकर होती है। बीते कुछ दिनों में इस लीग में कई अजीब तरह के अवॉर्ड दिए गए हैं जिनमें हेयर ड्रायर, ट्रिमर शामिल रहे। हालांकि, अब पीएसएल ने अपनी अवॉर्ड लिस्ट में बदलाव किया है और कुछ नया गिफ्ट दिया है। पीएसएल की टीम कराची किंग्स ने अपनी टीम के खिलाड़ियों को हेयरड्रायर और ट्रिमर दिए तो लाहौर कलंदर्स ने अपने खिलाड़ी को इससे बेहतर गिफ्ट देने की ठानी और दिया भी।

# आरसीबी से मिली हार के बाद पंजाब किंग्स के कोच पोंटिंग ने कहा-अब हर मुक़ाबला हमारे लिए करो या मरो जैसा

**एजेंसी,चंडीगढ़**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में बेहतरीन लय में नजर आ रही पंजाब किंग्स की रफ्तार रविवार को नई चंडीगढ़ के महाराजा वाईपी सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में थम गई। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 7 विकेट से मात देकर टूर्नामेंट की बेहद अहम जीत अपने नाम की। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 157 रन बनाए। प्रियांश आर्य



और प्रभसिमरन सिंह ने तेज शुरुआत दी, लेकिन मध्य क्रम के बल्लेबाज़ बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेंगलुरु की टीम ने विराट कोहली के नाबाद 73 रनों की शानदार पारी की बदौलत 7 गेंद शेष रहते यह मुक़ाबला अपने नाम कर लिया। मुक़ाबले के बाद पंजाब किंग्स के मुख्य प्रशिक्षक रिकी पोंटिंग ने हार की वजह बल्लेबाज़ी को बताया। उन्होंने कहा, हमने इस मैच में बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। पिच 157 रन से कहीं बेहतर थी। हमारे कई बल्लेबाज़ों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल सका। यही टी20 क्रिकेट में अंतर पैदा करता है। पावरप्ले में हम 62 रन पर 1 विकेट थे, वहाँ से स्कोर 180 या 200 तक पहुँचाना चाहिए था, लेकिन हमने विकेट झुंड में गंवा दिए। पोंटिंग ने कहा कि अब टीम के सामने हर मुक़ाबला करो या मरो जैसा होगा। उन्होंने कहा, हम हाफ्वे मार्क तक पहुँच चुके हैं। अब हर मैच अहम है। हमें अगले मुक़ाबलों में जीत दर्ज कर प्लेऑफ़ की दौड़ में अपनी स्थिति मज़बूत करनी होगी। कोलकाता के ख़िलाफ़ अगला मुक़ाबला बड़ा है। फिर धर्मशाला में होने वाले घरेलू मुकाबले भी हमारे लिए निर्णायक रहेंगे।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी,नई दिल्ली**

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आज घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये से लेकर 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,440 रुपये से लेकर 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।



दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# हायर इंडिया ने एआई क्लाइमेट कंट्रोल और फैब्रिक फिनिश के साथ ग्रेविटी सीरीज एसी लॉन्च किया

**एजेंसी,नईदिल्ली**

लगातार 16 वर्षों से नंबर 1 विश्व का प्रमुख अप्लायंसेज़ ब्रांड हायर अप्लायंसेज़ इंडिया ने एयर कंडीशनर की बहुप्रतीक्षित ग्रेविटी सीरीज़ का अनावरण किया है। फ़ैब्रिक फ़िनिश वाले भारत के एकमात्र,द्ध क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर के रूप में, ये फ़ैब्रिक फ़िनिश वाले अभिनव,ष्ट इंटेलिजेंट कूलिंग तकनीक को सहजता से एकीकृत करते हैं, जो आधुनिक घरों की जलवायु समाधानों के लिए नए मानक स्थापित करते हैं। ग्रेविटी सीरीज़ सात शानदार रंगों में उपलब्ध है– मॉर्निंग मिस्ट, मून स्टोन ग्रे, मिडनाइट ड्रीम, गैलेक्सी स्लेट, एक्वा ब्लू, कॉटन कैंडी और व्हाइट– जो समकालीन घरों के इंटीरियर में प्रीमियम टच जोड़ते हुए बेजोड़ कूलिंग करते हैं। हायर की ग्रेविटी सीरीज़ एसी में AI क्लाइमेट कंट्रोल की सुविधा है, जो मैनुअल एडजेस्टमेंट के के बिना अनुकूलित आराम के लिए उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं को समझदारी से अपनाता है। AI क्लाइमेट असिस्टेंट वास्तविक समय में उपयोग की आदतों को सीखता है और सेटिंग्स को ठीक करता है, जबकि AI इलेक्ट्रिसिटी मॉनिटरिंग वास्तविक समय में बिजली की खपत को ट्रैक करती है, जिससे आपको अपने बिजली बिलों को प्रबंधित और नियंत्रित करने में मदद मिलती है।




क्लाउड–आधारित सर्वर और उन्नत,द्ध ECO कार्यक्षमता द्वारा संचालित, यह ऊर्जा की बर्बादी को कम करते हुए आराम और दक्षता के सही संतुलन को बनाए रखने के लिए लगातार एडजस्ट होता है। पारंपरिक एसी के विपरीत, यह इंटेलिजेंट सिस्टम मैनुअल एडजेस्टमेंट को कम करती है और एक सहज और पर्सनलाइज़्ड कूलिंग देती है।

हायर ने अत्याधुनिक AI क्लाइमेट कंट्रोल टेक्नोलॉजी के साथ फ़ैब्रिक डिज़ाइन को एकीकृत करके ग्रेविटी सीरीज़ में कला और इंटेलिजेंस को मिलाया है जो आधुनिक घरों के सौंदर्य का पूरक है। यह फ्यूज़न सुनिश्चित करता है कि कलात्मक अभिव्यक्ति और स्मार्ट कार्यक्षमता सही तालमेल में काम करें। ग्रेविटी सीरीज़ कूलिंग सॉल्यूशन से कहीं ज़्यादा है – यह एक स्टेटमेंट पीस है जो आधुनिक घरों के माहौल को बेहतर बनाता है और साथ ही बढ़िया आराम, ऊर्जा दक्षता और एक बेहतरीन घरेलू अनुभव प्रदान करता है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए हायर अप्लायंसेज़ इंडिया के अध्यक्ष श्री एनएस सतीश ने कहा, हायर इंडिया में, हम ऐसे उत्पाद देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो नवाचार को जीवनशैली के साथ सहजता से एकीकृत करते हैं। नई सीरीज़ इस विज़न का प्रतिबिंब है कि एक ऐसा एयर कंडीशनर जो जितना स्टाइलिश है उतना ही इंटेलिजेंट भी है। भारत का एकमात्र AI क्लाइमेट कंट्रोल वाला यह सीरीज़ ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करते हुए व्यक्तिगत आराम को नए मायने बताती है। हमारे अत्याधुनिक भारतीय विनिर्माण सुविधाओं में निर्मित, यह रेंज हमारी 'मेक इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया' प्रतिबद्धता का एक सच्चा अवतार है – जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं और जलवायु की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

## आजादी के बाद पहली बार खादी एवं ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त करने वाले खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया कीर्तिमान रचा है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। पिछले 11 वर्षों में उत्पादन में 347 फीसदी के उछाल के साथ चार गुना और बिक्री में 447 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ पांच गुना की वृद्धि हुई है। केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने राजधानी नई दिल्ली के राजघाट स्थित कार्यालय में खादी और ग्रामोद्योग के वित्त वर्ष 2024–25 के अनंतिम आंकड़े जारी किये हैं। वित्त वर्ष 2024–25 के आंकड़ों में बताया गया है कि 11 वर्षों में कुल रोजगार सृजन के क्षेत्र में 49.23 फीसदी की ऐतिहासिक बढ़ोतरी हुई है, जबकि 1.94 करोड़ लोगों को केवीआईसी रोजगार दे रहा है। उन्होंने बताया कि खादी–ग्रामोद्योग भवन नई दिल्ली का कारोबार पहली बार रिकॉर्ड 110.01 करोड़ रुपये के आंकड़े तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि केवीआईसी ने वित्त वर्ष 2024–25 में उत्पादन, बिक्री और नए रोजगार सृजन का नया रिकॉर्ड बनाया है।

## डीबीटी योजना से 3.48 लाख करोड़ रुपये की हुई बचत: वित्त मंत्रालय

**एजेंसी,नई दिल्ली।** भारत की प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्रणाली ने कल्याण वितरण में लीकेज को रोककर देश को 3.48 लाख करोड़ रुपये की संचयी बचत हासिल करने में मदद की है। एक रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि डीबीटी के कार्यान्वयन के बाद से सब्सिडी आवंटन कुल सरकारी व्यय के 16 फीसदी से घटकर 9 फीसदी रह गया है, जो सार्वजनिक व्यय की दक्षता में एक बड़ा सुधार दर्शाता है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन के एक नए मात्रात्मक मूल्यांकन के अनुसार यह मूल्यांकन बजटीय दक्षता, सब्सिडी युक्तिकरण और सामाजिक परिणामों पर डीबीटी के प्रभाव की जांच करने के लिए वर्ष 2009 से 2024 तक के आंकड़ों का मूल्यांकन करता है। वर्ष 2013 में शुरू की गई भारत की डीबीटी प्रणाली ने देश की कल्याणकारी योजनाओं को नया स्वरूप दिया है, जिसने दक्षता और समावेशिता के लिए वैश्विक मानक स्थापित किया है।

# ईपीएफओ ने फरवरी महीने में 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े, युवाओं की संख्या अधिक

**एजेंसी,नई दिल्ली**


सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में कुल 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। पिछले साल की इसी महीने की तुलना में 3.99 फीसदी अधिक है। फरवरी, 2025 में जोड़े गए नए सदस्यों में 18–25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है, जिनमें उनकी हिस्सेदारी 4.27 लाख यानी 57.71 फीसदी है। इससे पता चलता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं।




श्रम और रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी में कुल 16.10 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। ईपीएफओ ने फरवरी, 2025 में लगभग 7.39 लाख नए सदस्य बनाए हैं, जबकि साल–दर–साल विश्लेषण से पता चलता है कि फरवरी 2024 की तुलना में पेरोल में 3.99 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके अलावा फरवरी, 2025 में 18–25 आयु वर्ग के कुल सदस्यों की संख्या में लगभग 6.78 लाख की वृद्धि हुई है, जो सालाना आधार पर 3.01 फीसदी अधिक है। आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 13.18 लाख सदस्यों ने अपनी नौकरी बदली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए।

आंकड़े बताते हैं कि फरवरी, 2025 में लगभग 2.08 लाख महिला सदस्य पहली बार ईपीएफओ में शामिल हुईं। इसमें सालाना आधार पर 1.26 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसके अलावा फरवरी के दौरान कुल महिला पेरोल वृद्धि करीब 3.37 लाख रही, जो फरवरी 2024 की तुलना में 9.23 फीसदी की साल–दर–साल वृद्धि है। महिला सदस्यों की संख्या बढ़ने से अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है।

## देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में 3.8 फीसदी पर



**एजेंसी,नई दिल्ली**

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मार्च में सुस्त पड़कर 3.8 फीसदी रही है। पिछले साल इसी महीने में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा था। मासिक आधार पर इन उद्योगों की वृद्धि दर फरवरी में 3.4 फीसदी के मुकाबले थोड़ी अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में इन बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार यह आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में गिरावट का परिणाम है, जिनमें कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार मार्च महीने में कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, इस्पात और बिजली उत्पादन में क्रमशः 1.6 फीसदी, 0.2 फीसदी, 7.1 फीसदी और 6.2 फीसदी की हल्की वृद्धि हुई। उर्वरक उत्पादन मार्च में 8.8 फीसदी बढ़ा है, जबकि पिछले साल इसी महीने में इसमें 1.3 फीसदी की गिरावट आई थी। सीमेंट उत्पादन बीते महीने 11.6 फीसदी बढ़ा है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 10.6 फीसदी की वृद्धि हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024–25 में 4.4 फीसदी रही। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023–24 में यह दर 7.6 फीसदी थी। देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में भार 40.27 फीसदी होता है, जो औद्योगिक वृद्धि दर को मापने में महत्वपूर्ण है।

## इन्फिनिस ने भारत का सबसे स्लिम परफॉरमेंस स्मार्टफोन पेश किया



**एजेंसी, नई दिल्ली**

आधुनिक समय के स्मार्टफोन ब्रांड इन्फिनिक्स ने आज भारत में अपनी फ्लैगशिप डिवाइस नोट 50एस 5जी+ लॉन्च की। यह एक पावरहाउस डिवाईस है, जो डिज़ाइन, परफॉरमेंस और यूज़र एक्सपीरियंस के मामले में अपेक्षाओं को बढ़ा देगी। इस फ्लैगशिप डिवाइस ने अत्याधुनिक डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी और 144हट्ज़ कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत के सबसे स्लिम स्मार्टफ़ोन* के रूप में एक नया मानक स्थापित कर दिया है। नोट 50एस 5जी+ आज से फ्लिपकार्ट पर तीन शानदार रंगों मरीन ड्रिफ्ट ब्लू (वीगन लेदर), टाइटेनियम ग्रे (मैटेलिक फ़िनिश), बरगुंडी रेड (मैटेलिक फ़िनिश) में 14,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) के विशेष मूल्य में उपलब्ध है। इन्फिनिक्स इंडिया के सीईओ अनीश कपूर ने कहा, इन्फिनिक्स में हम अपने हर लॉन्च के साथ यूज़र्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने की ओर कदम बढ़ाते हैं। अपने पिछले स्मार्टफोन, नोट 50× 5जी+ में हमने यूज़र्स के फीडबैक के आधार पर सॉफ्टवेयर को अपग्रेड किया और एक्सओएस 15 पेश किया। हमारे इस कदम को ग्राहकों ने काफी सराहा, जिससे निर्माण प्रक्रिया में यूज़र्स को शामिल करने का हमारा विश्वास मजबूत हुआ।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**एजेंसी,नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज भारतीय बाजारों के लिए मिले–जुले संकेत मिल रहे हैं। गुड फ्राइडे की छुट्टी के पहले अमेरिकी बाजार दबाव में कारोबार करते हुए नजर आए थे। छुट्टियां खत्म होने के बाद आज डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। एशियाई बाजारों में भी आज मिला–जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजारों में छुट्टियों के पहले के सत्र में नरमी बनी रही। डाउ जॉन्स 500 अंक से अधिक की गिरावट का शिकार हो गया था। इसी तरह नैस्डेक ने भी 0.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,286.45 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया था। हालांकि एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 5,282.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 285.36 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,856.87 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। एशियाई बाजारों में आज मिला–जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं।

## एयरटेल ने स्पैम के खिलाफ अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए नए फीचर्स की घोषणा की

- **अंतरराष्ट्रीय कॉलों और संदेशों पर बढ़ाया कवरेज**
- **क्षेत्रीय भाषाओं में शुरू किए गए स्पैम अलर्ट**

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

हाल ही में अपनी एआई आधारित स्पैम डिटेक्शन टूल की शुरुआत के बाद एयरटेल ने आज दो महत्वपूर्ण नई सुविधाओं की घोषणा की है, जो स्पैमर्स से एक कदम आगे रहने के उद्देश्य से शुरू की गई है। एयरटेल की इस प्रणाली ने अब तक 27.5 अरब से अधिक कॉलों को स्पैम के रूप में पहचानकर उपभोक्ताओं को अलर्ट किया है।

अब ग्राहकों को कॉल और संदेश के लिए स्पैम अलर्ट उनकी मनचाही भारतीय भाषाओं में मिलेगा। यह नई सुविधा प्रारंभ में दस क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध होगी और भविष्य में अन्य भाषाओं को भी जोड़ा जाएगा। एयरटेल का एआई आधारित टूल अब अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों से आने वाली सभी स्पैम कॉलों और संदेशों की पहचान कर उपभोक्ताओं को अलर्ट करेगा।

जबसे एयरटेल ने देश के भीतर स्पैम कॉलों पर सख्ती बढ़ाई है, तब से स्पैमर्स अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों का सहारा लेकर भारत में फर्जी कॉलों की बाढ़ लाने लगे हैं। इस खतरनाक प्रवृत्ति से पिछले छह महीनों में विदेशी स्पैम कॉल में 12 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। एयरटेल को उम्मीद है कि ये नई सुविधा इस बढ़ती समस्या को प्रभावी रूप से समाप्त कर देगी। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक मार्केटिंग एवं सी ई ओ ङ्क कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा: 5हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें ग्राहक और उनकी प्रतिक्रिया केंद्र में होती है। ग्राहकों की राय का गहराई से विश्लेषण करने के बाद, हमने अपने समाधानों को भारत की भाषाई विविधता के अनुरूप और अधिक सक्षम बनाया है। साथ ही, जब से स्पैम ट्रैफिक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों की ओर ट्रांसफर हुआ है, हमने अपने एआई आधारित टूल को इस दिशा में भी सक्रिय कर दिया है, ताकि सभी अंतरराष्ट्रीय कॉलों और संदेशों की जांच की जा सके। हमारी इंजीनियरों और डेटा वैज्ञानिकों की समर्पित टीम इन सॉल्यूशन्स को लगातार और बेहतर बनाने में जुटी है, ताकि हम किसी भी नए खतरे से पहले ही निपट सकें। नए अपग्रेड के साथ एआई आधारित ये स्पैम डिटेक्शन सोल्यूशन अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के नंबरों से आने वाली कॉलों और संदेशों को जांच कर हिंदी, मराठी, बांग्ला, गुजराती, तमिल, कन्नड़, मलयालम, तेलुगु, पंजाबी और उर्दू सहित दस भारतीय भाषाओं में अलर्ट भेजेगी। स्थानीय भाषाओं में स्पैम अलर्ट फिलहाल केवल एंड्रॉइड फोन पर उपलब्ध होंगे। ये सभी सुविधाएँ ग्राहकों के लिए पूरी तरह निःशुल्क हैं और इन्हें सक्रिय कराने के लिए किसी भी प्रकार का सेवा के लिए रिक्वेस्ट करने की ज़रूरत नहीं होगी – यह सभी एयरटेल ग्राहकों के लिए अपने आप ही ऐक्टिव हो जाएंगी।

# कैंटाबिल ने बिलासपुर में फ़ैमिली-वियर स्टोर के उद्घाटन के साथ अपने रिटेल बिजनेस का विस्तार किया

- **देश भर में 600 स्टोर्स की शानदार उपलधि हासिल की**

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और खुदरा विक्रेताओं में से एक कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने बिलासपुर में अपने नए खुदरा स्टोर के उद्घाटन की घोषणा की है। 2042 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला यह ब्रांड स्टोर खसरा नंबर 501/7, वार्ड नंबर 32, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, इंडियन कॉफी हाउस के सामने, बिलासपुर (सी.जी.) 490051 में स्थित है, जो कैंटाबिल के लगातार होते विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए फार्मल, कैजुअल और पार्टी वियर्स के साथ–साथ एक्सेसरीज के व्यापक चयन की पेशकश करने के लिए समर्पित, कैंटाबिल खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित करता है। इसके साथ ही कैंटाबिल ने देश भर में 600 स्टोर्स की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जिससे फैशन उद्योग में एक प्रमुख ब्रांड के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है।

कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक दीपक बंसल ने इस लॉन्च पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा– हम बिलासपुर में अपने नए फैमिली–वियर स्टोर को खोलते हुए बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल ने मिड–प्रीमियम सेगमेंट में ग्राहकों से अपार प्रशंसा प्राप्त की है। हमारा नया स्टोर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए फैशन–फॉरवर्ड परिधानों का ट्रेंडी कलेक्शन उपलब्ध कराएगा। भारत भर में एक मजबूत उपस्थिति के साथ, हम आने वाले वर्षों में अपने खुदरा कारोबार का और विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कैंटाबिल ने लगातार अत्याधुनिक




शैली के साथ प्रीमियम कपड़े उपलब्ध कराए हैं, जो विकसित हो रहे फैशन परिदृश्य को दर्शाते हैं। कैंटाबिल अपने ग्राहकों के लिए लगातार क्लासिक और स्टाइलिश परिधानों का संग्रह उपलब्ध कराता है और उन्हें अद्वितीय फैशन अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित है। उल्लेखनीय है कि कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने 2000 में अपनी स्थापना के बाद से फैशन परिदृश्य को आकार दिया है। वस्त्र उद्योग की एक प्रमुख अग्रणी कम्पनी के रूप में कैंटाबिल ने परिधानों की एक विस्तृत रेंज तैयार की है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के परिधानों के साथ–साथ बच्चों के लिए एक शानदार संग्रह शामिल है। पिछले 24 शानदार वर्षों में कैंटाबिल भारत के अग्रणी पारिवारिक परिधान ब्रांड के रूप में विकसित हुआ है, जिसने 2000 में पुरुषों के परिधान, 2007 में महिलाओं के परिधान और 2018 में बच्चों के लिए एक शानदार लाइन पेश की। नवाचार के प्रति कम्पनी की प्रतिबद्धता 2023 में एथलीजर वियर और शूज के लॉन्च के साथ जारी रही, जो इसके विविध पोर्टफोलियो को पूरक बनाती है जिसमें शर्ट, ट्राउजर, डेनिम, सूट, ब्लेजर, जैकेट और बहुत कुछ शामिल हैं। परिधानों से आगे बढ़कर, कम्पनी ने परफ्यूम से लेकर वॉलेट तक एक्सेसरीज में भी कदम रखा है, जिससे खरीदारी का समग्र अनुभव सुनिश्चित होता है।

कैंटाबिल के उत्पाद मंत्र, अजियो, फ्लिपकार्ट, एमेजान, नायका एवं टाटाक्लिक पर उपलब्ध हैं। आप Cantabilshop.com पर भी कम्पनी की पेशकशों को सीधे देख सकते हैं। कैंटाबिल से जुड़ें क्योंकि यही देते हैं फैशन को नए आयाम।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
ब्लवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, वेबीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, चिनेला कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582593

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रूट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# जल संचय महाभियान की हर स्तर पर हो मॉनिटरिंग - कलेटटर

## जल संचय वाहिनी का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बलौदाबाजार,प्रतिदिन राजधानी**

जल संचय महाभियान अंतर्गत जल संचय वाहिनी का एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी ने ऑनलाइन प्रशिक्षण में शामिल जल संचय वाहिनियों को जल संचय की महत्ता व जल संकट की स्थिति से बचने के उपाय के बारे में जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने जिले में चल रहे जल संचय महाभियान अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जल संचय वाहिनी के कार्य और जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए महाभियान की हर स्तर पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्पर्क केंद्र में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल उपस्थित थीं।

कलेक्टर ने कहा कि पानी बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्षा जल संचयन और पानी के सदुपयोग से जल संकट से बचा जा सकता है।



उन्होंने कहा कि लोगों को जल संचय और पानी के सदुपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए जिले में 18 अप्रैल से जल संचय महाभियान शुरू किया गया है जो 15 मई 2025 तक चलेगा। इस दौरान हर ग्राम पंचायत में जल वाहिनी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करते हुए लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। इसके लिए तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।उन्होंने कहा कि जल वाहिनी अपने ग्राम पंचायत के समस्त नलकूपों के पास सोखता गड्ढे का निर्माण, पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने में तकनीकी सहायक और सब- इंजीनियर का सहयोग लें। गांव में कोई भी व्यक्ति टुल्लु पंप से अतिरिक्त पानी का दोहन करता है या पाईप काटकर पानी लेता है उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाएं। टुल्लु पम्प जब्त करें। उन्होंने कहा कि पंचायत के हर वार्ड में जल समस्या क़ा आकलन करें।उन्होंने कहा कि महाभियान के दौरान नहर या एनिकट मरम्मत, गेट सुधार की भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट देना है।महाभियान को जन -जन पहुंचाने के लिए व्यपाक - प्रचार करें। बेहतर प्रदर्शन वाले जल वाहिनी होंगे पुरस्कृत - कलेक्टर सोनी ने जल संचय महाभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल वाहिनी को पुरस्कृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर सप्ताह जल वाहिनी के कार्यों की समीक्षा करें और 5 बेहतर कार्य करने वाले जल वाहिनी को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित करें। प्रशिक्षण में पीएचई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता, जनपद सीईओ एवं समस्त ग्राम पंचायत के जल वाहिनी सदस्य जुड़े थे।

## अपर आयुक्त आवास प्लस 2.0 में हितग्राही का किया सर्वे



**जशपुरनगर ,प्रतिदिन राजधानी**

अपर आयुक्त अशोक चौबे ने विगत दिवस 20 अप्रैल को जशपुर जिले के जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत जुरगुम में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस 2.0 में हितग्राही का सर्वे किया गया। साथ ही उन्होंने जनपद पंचायत कुनकुरी के ग्राम पंचायत रायकेरा में प्रगतिरत अमृत सरोवर का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान राज्य कार्यालय से विभाष तिवारी एवं जिला स्तर से कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, अनुविभागीय अधिकारी ग्रायांसे एवं जनपद स्तरीय मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास की टीम उपस्थित थे।

## चेंबर के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मानित हुए बाबूलाल और गणेश



**रायगढ़,प्रतिदिन राजधानी**

चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान रायपुर के शहीद स्मारक भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र रमेश बैस, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, नव निर्वाचित चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी,सेवानिवृत अध्यक्ष अमर पारवानी,के गरिमामय उपस्थिती में तालीयों के गड़गड़ाहट के साथ चेंबर चुनाव के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने रायगढ़ के चुनाव अधिकारी वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल और सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य गणेश यादव को रायगढ़ में सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर रायगढ़ चेंबर के पूर्व महामंत्री हीरा मोटवानी सहित बड़ी संख्या में चेंबर के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक तीन चरणों में सुशासन तिहार संचालित

जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 08 अप्रैल से 31 मई 2025 तक की अवधि में सुशासन तिहार 2025 संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनता की समस्याओं, जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, विकास कार्यो की गति तथा आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। दिशा-निर्देशानुसार वर्तमान में पहले चरण के अन्तर्गत 08 से 11 अप्रैल

सुषमा के स्नेहिल सृजन
आधार छंद -विधाता

### धरा पर स्वर्ग

--------

धरा पुलकित सजी प्यारी,
लुटाती प्रीत मतवाली।
नवल ऋतु प्रेम की आई,
सजाती नेह से लाली।
कली के प्यार में पागल, मधुप भी राग छेड़े हैं-
खिले टेसू खिली सरसों, सजी श्रृंगार है डाली।।
धरा पर स्वर्ग उतरा है, वसंती रंग इठलाती।
तपन कोमल सुमन मादक,
पढ़ाती प्रेम की पाती।
हवाएँ भी सुवासित हैं, अजी
'सुषमा' बहे आँगन-
महक उठती कली न्यारी,
सुहावन गीत है गाती।।

--------

... कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल(रायगढ़/रायपुर छ.ग.)



## अपर आयुक्त ने मनोरा और बगीचा विकासखण्ड प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण



### महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास के टीम की समीक्षा बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जशपुरनगर ,प्रतिदिन राजधानी**

अपर आयुक्त अशोक चौबे, महात्मा गाँधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यपालन अभियंता शिवकुमार सिन्हा और मनरेगा राज्य कार्यालय से तकनीकी सहायक विभाष तिवारी के द्वारा विगत दिवस 19 अप्रैल 2025 को जशपुर जिले के विकासखण्ड मनोरा के ग्राम पंचायत करदना, तालासिली और बगीचा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सन्ना, डुमरकोना में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत एवं पूर्ण निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया।

जिले में प्रधानमंत्री आवास व जनमन आवास के साथ-साथ मनरेगा और जल संसाधन विभाग के साथ अभिसरण से बने मिट्टी बांध, नहर लाइनिंग आदि कार्यों का भी अवलोकन किया गया।। निरीक्षण के पश्चात् जिला पंचायत जशपुर के सभाकक्ष में सभी जनपद सीईओ, आरईएस विभाग के अनुविभागीय अधिकारी, महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास की जिला पंचायत एवं जनपद के टीम समीक्षा बैठक ली और योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान योजना के बेहतर क्रियान्वयन के सम्बन्ध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं आजीविका विकास गतिविधियों से मनरेगा को जोड़ने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रगति लाते हुए अधिक से अधिक आवास को शीघ्र पूर्ण करने, लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने मिशन मोड में प्रगति सुनिश्चित करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया ।






# खाद एवं बीज का पर्याप्त भण्डारण एवं वितरण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जशपुर,प्रतिदिन राजधानी**

खाद्य एवं खाद्य आपूर्ति सम्बद्ध विभागों की समीक्षा हेतु कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिला कार्यालय सभाकक्ष में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर ने उपार्जित धान के उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उठाव तीव्र करने के लिए मिलर्स से चर्चा करने एवं समय पर उठाव ना करने वाले मिलर्स के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने समितियों से धान उठाव में शून्य प्रतिशत शॉर्टेज सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आगामी खरीफफसल वर्ष को ध्यान में रखते हुए बीज एवं खाद का पर्याप्त भंडारण एवं वितरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रतिदिन भंडारण एवं वितरण की स्थिति से उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने किसानों की सुविधा के लिए खरीफफसल वर्ष के शुरू होने के पूर्व खाद एवं बीज का अधिक से अधिक मात्रा में उठाव



सुनिश्चित करने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मई माह के अंत तक 40 प्रतिशत से अधिक उठाव सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने राशन कार्डों में हर सदस्य का ई-केवायसी अवश्य कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने बचे हुए लोगों के घर जाकर ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मृत लोगों के नामों को विलोपित करने को भी कहा। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के राशन कार्ड में नाम जुड़वाने हेतु शेष लोगों को राशनकार्ड का लाभ दिलाने के लिए सभी का आधार निर्माण कराकर राशन कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण एवं भंडारण की स्थिति का जायजा लेते हुए सभी उचित मूल्य दुकानों का नियमानुसार निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 के तहत आने वाले आवेदनों को 1 माह के भीतर निराकरण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कृषि आदान समाग्री समय पर प्राप्त हो इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।










## ईस्टर युद्धविराम के दौरान रूसी हमलों में मारे गए तीन लोग, खेरसान के गवर्नर का दावा



**कीव।** तीस घंटे के ईस्टर संघर्षविराम के दौरान रूसी हमलों में यूक्रेन के दक्षिणी खेरसान क्षेत्र में तीन लोगों की मौत हुई। खेरसान के गवर्नर ने सोमवार को यह जानकारी दी। रूस के राष्ट्रपति ने व्लादिमीर पुतिन साप्ताहांत पर युद्धविराम की घोषणा की थी।

गवर्नर ओलेक्जेंटर प्रोकुडि ने टेलीग्राम पर बताया कि कि पिछले चौबीस घंटे में तीन लोग हताहत हुए हैं। साथ ही तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार सुबह एक टेलीग्राम संदेश में बताया कि रूस ने संघर्षविराम का 2,900 से ज्यादा बार उल्लंघन किया है। उन्होंने बताया कि रूसी सेनाओं ने अग्रिम मोर्चे पर 96 बार हमला किया, यूक्रेनी ठिकानों पर 1,800 से अधिक बार गोलीबारी की और सैकड़ों ड्रोन का इस्तेमाल किया।

जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन की कार्रवाई आईने जैसी होगी। हम चुप्पी का जवाब चुप्पी से देंगे और अपनी सुरक्षा के लिए रूस के हमलों का जवाब देंगे। काम शब्दों से ज्यादा बोलता है।

पुतिन ने शनिवार को घोणषा की थी कि वह मानवीय कारणों से ईस्टर के मौके पर युद्धविराम की घोषणा कर रहा है। वहीं, यूक्रेन ने कहा था कि अगर वास्तव में संघर्षविराम लागू हुआ है, तो वह उसका पान करेगा। हालांकि, यूक्रेन ने युद्धविराम को लेकर रूस की मंशा पर सवाल उठाए थे। दोनों पक्षों ने थोड़ी ही देर में एक-दूसरे पर संघर्षविराम को तोड़ने के आरोप लगाए। यह संघर्षविराम ईस्टर संडे की मध्यरात्रि (स्थानीय समायानुसार रात नौ बजे) पर समाप्त हो गया।

यूक्रेनी वायुसेना ने बताया, रविवार रात से सोमवार तक रूसी सेनाओं ने खेरसान और मायकोलाइव क्षेत्रों पर तीन मिसाइलें दागीं और यूक्रेन के अन्य हिस्सों पर 96 'शहीद' ड्रोन छोड़े। उसने कहा कि 42 ड्रोन मार गिराए गए, जबकि 47 ड्रोन उड़ान के दौरान ही गिरा दिए गए।

गवर्नर सर्ही लाइसाक ने बताया, निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमलों से एक इमारत और एक खाद्य उद्योग प्रतिष्ठान में आग लग गई। उन्होंने कहा कि इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ। वहीं, गवर्नर इहोर तबुरेत्स ने बताया कि चेरकासी क्षेत्र में एक ढांचे पर हमला हुआ।

### रूस की सेना ने फिर शुरू किया विशेष सैन्य अभियान: रूसी रक्षा मंत्रालय

रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रूसी सेना ने संघर्षविराम का पूरी तरह पालन किया और वह पहले से कब्जा की गई जगहों पर ही बनी रही। मंत्रालय ने यूक्रेन पर 4,900 बार संघर्षविराम तोड़ने का आरोप लगाया। मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान 6 हमले, 1404 बार तोपों और रॉकेट लॉन्चर से गोलाबारी और 3,316 ड्रोन हमले किए गए। इसने आगे कहा कि संघर्षविराम समाप्त होने के बाद रूस की सेना ने 'विशेष सैन्य अभियान' फिर से शुरू कर दिया है।

# कौन होगा पोप फ्रांसिस का उत्तराधिकारी?

## रेस में दुनियाभर के कई आर्चबिशप शामिल



**रोम।** पोप फ्रांसिस का सोमवार सुबह 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे, जिन्होंने अपने करिश्माई व्यक्तित्व, विनम्र स्वभाव तथा गरीबों के प्रति चिंता के साथ पूरी दुनिया में लोगों पर अमिट छाप छोड़ी। फ्रांसिस फेफड़ों की बीमारी से पीड़ित थे। युवावस्था में उनके एक फेफड़े का हिस्सा निकाल दिया गया था। उनके निधन के बाद कैथोलिक धर्म के शीर्ष धार्मिक नेता का पद खाली हो गया है। इस पर अब उनके उत्तराधिकारी की खोज शुरू हो गई है।

कैथोलिक चर्च की तरफ से अपने सर्वोच्च पादरी (पोप) को चुने जाने की प्रक्रिया बीते करीब 800 वर्षों से नहीं बदली है। इस सिस्टम को 'पैपल कॉन्क्लेव' भी कहा जाता है। अगला पोप चुनने के लिए इस सिस्टम का ही इस्तेमाल किया जाएगा। कैथोलिक ईसाइयों का सर्वोच्च नेता चुनने की प्रक्रिया को वोटिंग के जरिए अंजाम दिया जाता है। किसी पोप का चुनाव तभी होता है, जब उन्हें दो-तिहाई कार्डिनल्स के वोट हासिल हो जाएं। फ्रांसिस के निधन के बाद अगले पोप के चुनाव के लिए कई नाम सामने आए हैं।

### जीन-मार्क एवलिन, मार्सिले के आर्चबिशप (66 वर्ष)

जीन-मार्क एवलिन को स्थानीय चर्च मे जॉन XXIV के नाम से जाना जाता है। उनके पास धर्मशास्त्र में डॉक्टरेट और दर्शनशास्त्र में डिग्री है। उनका जन्म अल्जीरिया में स्पेनिश प्रवासियों के परिवार में हुआ था। एवलिन अपने मिलनसार, सहज स्वभाव और फ्रांसिस के साथ अपनी वैचारिक निकटता विशेष रूप से आप्रवासन और मुस्लिम दुनिया के साथ संबंधों के लिए जाने जाते हैं।

### कार्डिनल पीटर एर्दो-हंगरी (72 वर्ष)

कार्डिनल पीटर एर्दो पोप फ्रांसिस के एकदम विपरीत हैं। जहां फ्रांसिस आप्रवासन, समलैंगिकता और मुस्लिम दुनिया के साथ संबंधों को लेकर उदारवादी रुख रखते हैं। वहीं इसके विपरीत एर्दो रूढ़िवादी खेमे से आते हैं। 2015 के प्रवासी संकट के दौरान वेटिकन में उन्होंने चर्चों से शरणार्थियों को लेने के पोप फ्रांसिस के आह्वान का विरोध किया था और कहा था कि यह मानव तस्करी के बराबर है।

### कार्डिनल मारियो ग्रेक -माल्टा (68 वर्ष)

कार्डिनल मारियो ग्रेक गोजो से आते हैं, जो माल्टा का एक छोटा सा द्वीप है और यूरोपीय संघ का सबसे छोटा देश भी है। पोप फ्रांसिस ने उन्हें सिनोड ऑफ बिशप्स का सेक्रेटरी जनरल नियुक्त किया था। जो वेटिकन में एक अत्यंत प्रभावशाली पद है। शुरुआत में उन्हें एक रूढ़िवादी के रूप में देखा जाता था, लेकिन बाद में वह पोप फ्रांसिस के सुधारों के समर्थक बन गए।

### कार्डिनल जुआन जोसे ओमेला - स्पेन (79 वर्ष)

कार्डिनल जुआन जोसे ओमेला बार्सिलोना के आर्चबिशप हैं और स्पेनिश हैं। ओमेला को पोप फ्रांसिस के खेमे का माना जाता है। अपने सहज, सौम्य स्वभाव और विनम्र जीवन जीने के लिए जाने जानेवाले ओमेला का जन्म 1946 में स्पेन के उत्तर-पूर्वी गांव क्रेटास में हुआ था। 1970 में वे पादरी बने। 1999 से 2015 तक उन्होंने स्पेन की एक संस्था के साथ काम किया, जो विकासशील देशों में भुखमरी, बीमारी और गरीबी से लड़ने का कार्य करती है। वे 1996 में बिशप बने और 2015 में उन्हें बार्सिलोना का आर्चबिशप बनाया गया। ठीक एक वर्ष बाद पोप फ्रांसिस ने उन्हें कार्डिनल की लाल टोपी पहनाई। 2023 में पोप फ्रांसिस ने उन्हें अपने नौ सदस्यीय सलाहकार मंडल (किचन कैबिनेट) में शामिल किया, जो शासन से जुड़े मुद्दों पर उन्हें परामर्श देता है।

### कार्डिनल पिएत्रो पैरोलीन-इटली (70 वर्ष)

कार्डिनल पिएत्रो पैरोलीन वेटिकन के वरिष्ठ राजनयिक माने जाते हैं। वे वर्तमान में पोप फ्रांसिस के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट हैं। यह पद वेटिकन में प्रधानमंत्री के समकक्ष होता है और कभी-कभी इन्हें डिप्टी पोप भी कहा जाता है क्योंकि ये पोप के बाद वेटिकन में दूसरा सबसे अहम स्थान होता है। वह इस पद पर 2013 से हैं, यानी जिस साल पोप फ्रांसिस चुने गए थे।पैरोलीन को एक ऐसे संतुलित उम्मीदवार के रूप में देखा जाता है जो प्रगतिशीलों और रूढ़िवादियों दोनों को स्वीकार्य हो सकते हैं। इसलिए कई लोग उन्हें कॉन्क्लेव में सर्वमान्य विकल्प मानते हैं।

अपने करियर के अधिकांश समय वे कलीसिया के राजनयिक रहे हैं। पोप बेनेडिक्ट के कार्यकाल में उन्होंने वेटिकन के डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर के रूप में काम किया और 2009 में उन्हें वेनेजुएला में वेटिकन का राजदूत नियुक्त किया गया। वे वेटिकन के चीन और वियतनाम के साथ संबंध सुधारने के प्रयासों के प्रमुख सूत्रधार भी रहे हैं। पैरोलीन अगर पोप चुने जाते हैं, तो तीन गैर-इतालवी पोपों (पोलैंड के जॉन पॉल द्वितीय, जर्मनी के बेनेडिक्ट और अर्जेंटीना के फ्रांसिस) के बाद पोप का पद पुनः इटली लौट जाएगा हालाकि उनका पादरी सेवा का अनुभव सीमित है।

### कार्डिनल लुइस एंटोनियो टैगले-फिलीपीनो (67 वर्ष)

टैगले को आमतौर पर ऱएशियाई फ्रांसिसऱ कहा जाता है, क्योंकि वे पोप फ्रांसिस की तरह सामाजिक न्याय के प्रति गहरी प्रतिबद्धता रखते हैं। यदि वे पोप चुने जाते हैं, तो वे एशिया से चुने जाने वाले पहले पोप होंगे। पोप बनने के लिए सभी अपेक्षित योग्यताओं पर खरे उतरते हैं। 1982 में पादरी बनने के बाद उन्होंने कई दशकों तक सेवाएं दीं। बाद में उन्हें इमस का बिशप और फिर मनीला का आर्चबिशप बनाया गया। जहां उन्होंने प्रशासनिक अनुभव भी अर्जित किया। पोप बेनेडिक्ट ने 2012 में उन्हें कार्डिनल बनाया। 2019 में पोप फ्रांसिस ने उन्हें मनीला से वेटिकन बुलाकर चर्च के मिशनरी विभाग डिकास्ट्री फॉर इवैंजेलाइजेशन का प्रमुख नियुक्त किया। उनकी माता चीनी मूल की फिलीपीनो थीं। टैगले धाराप्रवाह इतालवी और अंग्रेजी बोलते हैं।

### कार्डिनल जोसेफ टोबिन-अमेरिका (72 वर्ष)

जोसेफ टोबिन- न्यूआर्क के आर्चबिशप हैं। यह संभावना कम ही है कि दुनिया भर के कार्डिनल पहली बार किसी अमेरिकी को पोप चुनें, लेकिन अगर ऐसा हुआ, तो जोसेफ टोबिन एक मजबूत दावेदार माने जा सकते हैं। डेट्रॉएट में जन्मे टोबिन रेडेम्प्टोरिस्ट्स नामक एक प्रमुख कैथोलिक धार्मिक संगठन के वैश्विक नेता रह चुके हैं। उन्होंने दुनिया के कई देशों में समय बिताया है और वे इतालवी, स्पेनिश, फ्रेंच और पुर्तगाली भाषाएं धाराप्रवाह बोलते हैं। उन्हें वेटिकन सेवा और अमेरिका की कलीसिया में शीर्ष पदों का भी व्यापक अनुभव है। 2009 से 2012 के बीच वे वेटिकन के एक विभाग में दूसरे सबसे बड़े पद पर रहे। इसके बाद पोप बेनेडिक्ट ने उन्हें इंडियाना के इंडियानापोलिस का आर्चबिशप नियुक्त किया। 2016 में पोप फ्रांसिस ने उन्हें कार्डिनल बनाया और बाद में न्यूआर्क का आर्चबिशप नियुक्त किया।

### एम मारिया जुप्पी-इटली (69 वर्ष)

मैटेओ मारिया जुप्पी बोलोग्ना के आर्चबिशप हैं। यदि जुप्पी पोप चुने जाते हैं, तो वे 1978 के बाद पहले इतालवी पोप होंगे। वे तामझाम और औपचारिकताओं में विश्वास नहीं करते। वे अक्सर खुद को ऱफादर मैटेओऱ कहकर बुलाते हैं और बोलोग्ना में कभी-कभी आधिकारिक गाड़ी की जगह साइकिल से यात्रा करते दिखते हैं। जुप्पी एक रोमन हैं। उनके पिता एनरिको वेटिकन के समाचार पत्र L'Osservatore Romano के संडे सप्लीमेंट के संपादक थे।

### ये नाम भी रेस में

इसके अलावा घाना के कार्डिनल पीटर टर्कसन का भी नाम पोप का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। वह न्याय और शांति के लिए बने परिषद के पूर्व प्रमुख रह चुके हैं। कार्डिनल रेमंड लियो बर्क भी पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी की रेस में आगे हैं। उन्हें पोप बेनेडिक्ट XVI ने साल 2010 में कार्डियल बनाया था। इसके अलावा गेरहार्ड मुलर, एंजेलो स्कोला, एंजेलो बैग्नास्को और रॉबर्ट सारा भी पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी हो सकते हैं।

## 'रणनीतिक मुद्दों पर मिलकर काम करें दोनों देश'



• इस्राइली राष्ट्रपति ने भारत के नए राजदूत का किया स्वागत

**यरूशलम।** इस्राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सोमवार को भारत से आग्रह किया कि दोनों देश रणनीतिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर मिलकर काम करें, ताकि आपसी संबंधों को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) की ओर ध्यान दिलाया और इसे 'दुनिया का भविष्य' बताया। हर्जोग ने ये बातें तब कहीं, जब भारत के नए राजदूत जेपी सिंह ने इस्राइल में उनके आधिकारिक निवास पर अपना परिचय पत्र सौंपा।

राष्ट्रपति हर्जोग ने कहा, 'हम भारत और उसके नेतृत्व का सम्मान करते हैं। इस्राइली लोग आपके देश को बहुत पसंद करते हैं। मैं बेसब्री से भारत आने और भारत के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री का इस्राइल में स्वागत करने का इंतजार कर रहा हूं।' उन्होंने भारत के नए राजदूत का स्वागत करते हुए कहा, 'आपके कार्यकाल के लिए मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं। हमारे संबंध और ऊंचाई को छुएंगे।'

हर्जोग ने कहा कि भारत और इस्राइल को एक साथ आकर रणनीतिक मुद्दों पर मिलकर काम करना चाहिए,जैसे बंधकों को वापस लाना, ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना, शांति और समावेश की दिशा में बढ़ना, देशों को जोड़ने वाला संपर्क और दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करना।

उन्होंने कहा, आईएमईसी पूरी दुनिया का भविष्य है। ये सिर्फ हमारे क्षेत्र का नहीं बल्कि यूरोप, अमेरिका, पूर्वी एशिया, और ऑस्ट्रेलिया तक का भू-रणनीतिक परिदृश्य बदल देगा। इस्राइल और भारत के बीच संपर्क से पूरी दुनिया की दिशा बदल सकती है।

आईएमईसी की घोषणा 2023 में नई दिल्ली में G20 शिखर सम्मेलन में हुई थी। इसका मकसद भारत से लेकर यूरोप तक एक मजबूत ढांचागत गलियारा बनाना है, जो पश्चिम एशिया से होकर यूरोप से जुड़ता है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग की परियोजना बताया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस परियोजना को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई थी, जिससे इसे अमेरिका तक ले जाया जा सके।

### राजदूत जेपी सिंह ने क्या कहा

इस्राइल में भारत के नए राजूदत जेपी सिंह ने कहा, भारत और इस्राइल की रणनीतिक साझेदारी काफी मजबूत रही है, खासतौर पर जब कभी संकट आया है, दोनों देश एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। हमें इसे और आगे बढ़ाना है। हम कृषि, जल प्रबंधन, आईटी क्षेत्र और रक्षा में मिलकर काम कर रहे हैं। आईएमईसी बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना है। उन्होंने बताया कि भारत की मेजबानी जी20 के सम्मेलन के दौरान आईएमईसी की घोषणा हुई थी और यह भारत की सभ्यता को यूरोप और अटलांटिक महासागर के किनारों से जोड़ेगा।

जेपी सिंह ने आई2यू2 ग्रुप का भी जिक्र किया। यह भारत, इस्राइल, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात का ग्रुप है, जो पश्चिम एशिया में संपर्क और सहयोग बढ़ाने के लिए बनाया गया है। हर्जोग ने भी आई2यू2 को अहम बताते हुए कहा कि यूएई के साथ उनके खास संबंध हैं।

सिंह ने कहा, हम सब एक कठिन समय से गुजर रहे हैं और क्षेत्र में शांति पाने का रास्ता सिर्फ संवाद और कूटनीति ही है। हम प्रार्थना करते हैं कि सभी बंधक जल्द और सुरक्षित लौटें।

इस पर हर्जोग ने जवाब दिया, बंधकों की वापसी हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक आखिरी बंधक सुरक्षित वापस नहीं आ जाता। वे नरक में जी रहे हैं और हम इसके लिए बहुत चिंतित हैं। उन्होंने भारत सरकार और प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद भी दिया कि 7 अक्तूबर से ही भारत इस्राइल के साथ खड़ा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने पिछले जलवायु सम्मेलन में में पीएम मोदी से मुलाकात की थी और दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच अच्छे संबंध हैं।

## कनाडा में खालिस्तानियों का दुस्साहस, फिर मंदिर में की तोड़फोड़

• तीसरी बार पार की हद

**ब्रिटिश कोलंबिया (कनाडा)।** कनाडाई पत्रकार डेनियल बोर्डमैन ने दावा किया है कि खालिस्तानियों ने तीसरी बार हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की है। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक मंदिर में रविवार रात को तीसरी बार तोड़फोड़ की गई। सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बोर्डमैन ने मंदिर के बाहर से एक वीडियो साझा किया, जिसमें घटना का विवरण दिया गया है।

उन्होंने दावा किया कि दो संदिग्ध लोगों ने मंदिर की दीवारों पर आपत्तिजनक तस्वीरें बनाईं। घटना सुबह 3 बजे के आसपास की है। उन्होंने एक सुरक्षा कैमरा भी चुरा लिया। बोर्डमैन ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मैं सरे में लक्ष्मी मंदिर गया था, जहां कल रात खालिस्तानियों ने तोड़फोड़ की थी। यह तीसरी बार है, जब तोड़फोड़ की गई है। मैंने प्रबंधन और भक्तों से बात की और उन्हें ऐसा नहीं लगता कि पुलिस या राजनीतिक दल को इसकी कोई परवाह है।'

बोर्डमैन ने वैंकूवर में रॉस गुरुद्वारा में भी तोड़फोड़ की एक और घटना की सूचना दी। इस बीच कनाडाई हिंदू चैंबर ऑफ कॉमर्स ने ब्रिटिश कोलंबिया में लक्ष्मी नारायण मंदिर में कथित बर्बरता की निंदा की। उनकी ओर से 'एक्स' पर लिखा गया कि हम खालिस्तानी चरमपंथियों की ओर से लक्ष्मी नारायण मंदिर में की गई .



### हालात स्थानीय हिंदू समुदाय के लिए परेशान करने वाले

कनाडाई पत्रकार ने कनाडा के हालात को स्थानीय हिंदू समुदाय के लिए परेशान करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस और राजनीतिक नेताओं दोनों से समर्थन नहीं मिल रहा है। मैंने मंदिर प्रबंधन से बात की। उन्होंने बताया कि सुबह 3 बजे दो लोग आए और पूरी जगह पर आपत्तिजनक चित्र बना दिए। उन्होंने एक वीडियो कैमरा भी चुरा लिया। उन्होंने कहा कि समुदाय परेशान है और उन्हें यह भी नहीं लगता कि राजनीतिक वर्ग कुछ करने जा रहा है और उन्हें ऐसा भी नहीं लगता कि पुलिस उनके साथ है।



## ट्रंप ने चली नई चाल, जारी की गैर टैरिफ धोखाधड़ी सूची, दुनियाभर के देशों को दी चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को नया बम फोड़ दिया। दरअसल उन्होंने एक आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची जारी की है। इस सूची में ट्रंप ने दुनियाभर के देशों को चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने कोई गैर टैरिफ धोखाधड़ी लागू की तो उनके अमेरिका के साथ संबंध खराब हो सकते हैं। ट्रंप की ताजा धमकी से कई देशों की परेशानी बढ़ सकती है और व्यापार युद्ध का जो खतरा दुनिया पर मंडरा रहा है, उसकी आशंका और मजबूत हो गई है।

### ट्रंप ने इन प्रैक्टिस को लेकर दी चेतावनी

ट्रंप की आठ सूत्रीय गैर टैरिफ धोखाधड़ी की सूची में मुद्रा अवमूल्यन शामिल है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि कुछ देश जानबूझकर अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करते हैं ताकि उनके निर्यात अमेरिका में प्रतिस्पर्धी बने रहें और अमेरिका के उत्पाद उनके बाजार में महंगे हो जाएं। अन्य गैर टैरिफ धोखाधड़ी में ट्रंप ने वैट का जिक्र किया है और कहा कि किस तरह से कुछ देश आयात पर वैट लगाते हैं और निर्यात पर उसे वापस कर देते हैं। ट्रंप ने कम कीमत पर दूसरे देशों में सामान डंप करने की भी आलोचना की। साथ ही निर्यात पर सरकारों द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी और अन्य सरकारी सब्सिडी को भी गलत बताया।

### टैरिफ से बचने के लिए ट्रांसशिपिंग को भी बताया गलत

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एग्रीकल्चर स्टैंडर्ड के बचाव को भी गलत बताया और यूरोप द्वारा जेनेटिकल इंजीनियर मक्का को प्रतिबंधित करने पर तीखा निशाना साधा। साथ ही ट्रंप ने प्रोटेक्टिव टेक्निकल स्टैंडर्ड को भी गलत बताया। जापान का उदाहरण देते हुए ट्रंप ने कहा कि वहां बॉलिंग बॉल टेस्ट होता है, जिसमें कारों पर भारी भरकम बॉल डालकर उनकी गुणवत्ता जांची जाती है। साथ ही ट्रंप ने पाइरेसी और टैरिफ से बचने के लिए ट्रांसशिपिंग से भी नाराजगी जताई।

ट्रंप ने गैर टैरिफ धोखाधड़ी को लेकर ये चेतावनी ऐसे समय जारी की है, जब वे पहले ही कई देशों पर टैरिफ लगाने का एलान कर चुके हैं। हालांकि चीन को छोड़कर ट्रंप ने फिलहाल बाकी देशों को 90 दिनों के लिए टैरिफ से राहत दी हुई है। चीन द्वारा अमेरिका पर जवाबी कार्रवाई करते हुए टैरिफ लगाया गया तो ट्रंप और भड़क गए और उन्होंने चीन पर 145 प्रतिशत टैरिफ थोप दिया है।

## विदेशी जमीन से राहुल गांधी ने भारतीय चुनाव प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**बोस्टन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। जैसा सोचा जा रहा था कि राहुल एक बार फिर विदेशी जमीन से देश की मोदी सरकार और देश के आंतरिक मुद्दों पर बोलेंगे, वैसा ही हुआ। उन्होंने बोस्टन में ब्राउन यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ एक सत्र में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने देश की चुनाव प्रणाली और निर्वाचन का आयोग की मंशा को कटघरे में खड़ा किया।

### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेता ने छात्रों से कहा, 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की संख्या से ज्यादा मतदान हुआ। यह एक तथ्य है। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5.30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए। शाम 5:30 से 7:30 बजे के बीच जब वोटिंग बंद हो जानी चाहिए थी, 65 लाख मतदाताओं ने मतदान किया। अब ऐसा होना संभव नहीं है। दरअसल, एक मतदाता को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं। अगर आप हिसाब लगाएंगे तो इसका मतलब यह होगा कि रात 2 बजे तक मतदाताओं की कतारें लगी रहीं। वे पूरी रात मतदान करते रहे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।'

### ECI की मंशा पर जताया संदेह



राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग से हमने वीडियो मांगे, क्योंकि आयोग वीडियोग्राफी कराता है। हमारे मांगने के बाद उन्होंने सिर्फ हमारी अपील खारिज ही नहीं की बल्कि नियमों को ही बदल दिया। ऐसे में साफ पता चलता है कि चुनाव आयोग में सबकुछ ठीक है। कामकाज में समझौता किया जा रहा है। हमने सार्वजनिक मंचों से कई बार महाराष्ट्र चुनाव को लेकर सवाल उठाए हैं। धांधली उजागर की है, लेकिन किसी को कोई परवाह नहीं है।

हाल के महीनों में यह राहुल गांधी की अमेरिका की दूसरी यात्रा है। इससे पहले सितंबर 2024 में राहुल गांधी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा की थी। अपनी यात्रा के दौरान वे डलास गए थे, जहां उन्होंने टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत की थी और भारतीय प्रवासियों के सदस्यों को संबोधित किया था।

### पिछले दौरे के बयानों ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था

राहुल गांधी की पिछली यात्रा ने भारत में आरक्षण प्रणाली को खत्म करने के बारे में उनकी टिप्पणी के बाद राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था। उन्होंने कहा था कि जब देश एक निष्पक्ष स्थान बन जाएगा तो भारत में आरक्षण प्रणाली को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने जाति जनगणना की आवश्यकता पर भी जोर दिया था। उन्होंने तर्क दिया था कि देश की 90 प्रतिशत आबादी ओबीसी, दलित और आदिवासी है। उसे पर्याप्त प्रतिनिधित्व नही मिल रहा है। जब हम संस्थानों, व्यवसायों और मीडिया पर कब्जे की बात करते है, तो भारत के 90 प्रतिशत ओबीसी, दलित, आदिवासी खेल का हिस्सा ही नहीं है।

# संयम और संघर्ष से हर जिमेदारी होती है पूर्ण..

## लीडरशिप पावर नहीं जिमेदारी होती है..

रायपुर(प्रतिदिन राजधानी)

***जेसीआई सुपर चैप्टर ऑफ रायपुर की त्रैमासिक मीटिंग में चेयरमेन इंटरनेशनल ट्रेनर JFR Sen. राजेश अग्रवाल सर ने बड़े ही अनोखे एवं नए अंदाज में लीडर्स व सीनियर मेंबर के साथ रुबरु होते हुए 1 घंटे के स्रेप शार्ट के माध्यम से समझाया कि लीडरशिप कार्यकाल के दौरान आने वाले उतार चढ़ाव से कैसे सुलझे। अगर समस्या को बड़ा मान उससे हारकर बैठ जाना लीडरशिप नहीं होती, लीडरशिप एक जिम्मेदारी होती है जिसको निभाना आसान नहीं होता वरन पूरी टीम को साथ लेकर चलने से होता है।***








सर ने महाभारत के संलग्न से एक कहानी के माध्यम से जिसमें करण और श्रीकृष्ण जी के बीच हो रहे संवाद को बताया कि करण अपने जन्म और जीवन में मिले अपमान को लेकर श्रीकृष्ण जी से शिकायत करते है, तब श्रीकृष्ण जी अपने जन्म की कहानी और रिश्तों से मिले कष्ट को जीवन का भाग बताकर समझाया कि कैसे संयम और संघर्ष कर के आगे बढ़ा जाता है।

सकारात्मक सोच के साथ और अपने कर्म पर भरोसा रखकर सभी मुश्किलो से निकल जाना ही लीडरशिप है। इस छोटी सी कहानी से जाना कि बिना शिकायत अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण किया जा सकता है ।

विगत 3 महीने के कार्यक्रमों की समीक्षा करके क्या खोया क्या पाया तय किया गया साथ ही आगामी कार्यक्रमों को कैसे बेहतर तरीके से आयोजित किया जाए एवं सफलता प्राप्त की जाए इस पर सलाह मशवरा किया गया।

चेयरमेन राजेश सर ने अपने अंदाज में उपस्थित पदाधिकारियों को समझाया कि विपरीत परिस्थितियो की शिकायत करने की बजाय परिस्थितियों का सामना करते हुए, सदस्यों को प्रेरित करते हुए आगे बढ़ना चाहिए साथ ही अब तक के कार्यों के आधार पर पिन देकर प्रोत्साहित किया, सम्मानित सदस्य संतोष दुबे,आदित्य टिकरिया,अशोक वर्मा, वात्सल्य मूर्ति, कृति अग्रवाल, आंचल पंजवानी

जेसीआई रायपुर नोबल को महिला दिवस की ट्रेनिंग, वामा को भजन संध्या कार्यक्रम को सराहा गया, जेसीआई यूथ कैपिटल की कार्य प्रणाली की सराहना करते हुए राजेश सर से अपनी बातों में समझाया कि किस प्रकार सभी सीनियर से लेकर नए सदस्यों को एक्टिव रखा जा सकता है।

कॉर्डिनेटर लीना वाढेर ने जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम के दूसरे चरण में सुपर चैप्टर के 10अध्याय के 85 नए सदस्यों को Jci sen अमितेश पाठक ने शपथ दिलवा कर जेसीस परिवार में शामिल करवाया।

जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल एवं जेसीआई रायपुर उमंग को सर्वाधिक सदस्यों जोड़ने हेतु सम्मानित किया गया।

Coach अमिताभ सर ने सभा के साथ नए सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा को निखारने का प्लेटफार्म हे JCI, जहां हम गलतियों से सीखते हैं।

मीटिंग और शपथ दोनों कार्यक्रम में डायरेक्ट चित्रांक चोपड़ा सहित लगभग 250 सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई।

## सिंधी भाषा दिवस कार्यक्रम : जिन भाषाओं को संविधान में दर्जा उसका अलग महत्व है : अमित चिमनानी





रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रमुख अमित चिमनानी ने कहा कि संविधान ने 1950 में केवल 14 भाषाओं को मान्यता दी थी उसके बाद संशोधन करके 1967 में सिंधी भाषा को इसमें जोड़ा गया था और अब तक केवल 8 ही भाषाओं को जोड़ा गया है कुल मान्यता पात्र भाषाएं केवल 22 है उसमें सिंधी भी एक है।यह गर्व का विषय है।जिस भाषा को मान्यता होती है उसका प्रयोग संसद और विधानसभा में हो सकता है। प्रतियोगी परीक्षाएं उसमें दी जा सकती है। साहित्य के ज्ञानपीठ पुरस्कारों के लिए इस भाषा के साहित्यकारों का चयन किया जा सकता है।भाषा के प्रचार प्रसार के लिए सरकार की तरफ से मदद भी मिलती है ऐसे में इसके कई फायदे है।

कार्यक्रम में समाज के इनकम टैक्स,पुलिस, साथ हीं भारत सरकार के कुछ महत्वपूर्व विभागों में कार्यरत लोगों,छत्तीसगढ़ का परचम टीवी सीरियल्स के माध्यम से लहराने वाले लोगों ,पत्रकारिता और समाज सेवा अग्रणी लोगों ,साहित्य के क्षेत्र में जीवन खपाने वाले वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया ।

कार्यक्रम में पूज्य शदाणी दरबार से उदय शदाणी जी,साधु समाज के अध्यक्ष मुरलीधर उदासी ,धमतरी महापौर जगदीश रोहरा जी मुख्य वक्ता सिंधी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर माखीजा , समाज के वरिष्ठ से मनुमल भारतीय सिंधु सभा के प्रांतीय अध्यक्ष लधाराम नैनवानी , पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी , आयोजक संस्था के अध्यक्ष अजय जयसिंघानी , अनिल जोतसिंघानी, सतीश पमनानी, पंकज चिंजवानी बंटी गांवडा सहित समाज के वरिष्ठ जन और युवा साथियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

मीनल आर्य को इनकम टैक्स अधिकारी बनने, रोशन आहूजा को पुलिस विभाग में अधिकारी बनने, मोहित जसवानी को टीवी सीरियल्स में सफलता प्राप्त करने, पवन केसवानी को पत्रकारिता व 2100 से ज्यादा देह दान के सहमति पत्र भरवाने , मुरली बत्रा को सिंधी भाषा में लैक्चरार बनने, समीर वेश्यानी और उनकी टीम को शहर में सफाई अभियान चलाने,बढ़ते कदम संस्था को उत्कृष्ट समाज सेवा के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## सुधा सोसायटी फाउंडेशन ने मनाया सिविल सर्विस डे

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)




सुधा सोसाइटी फाउंडेशन , सामाजिक संस्था आज सिविल सर्विस डे 21 अप्रैल को मनाया । संस्था के चेयरमैन श्री गोपाल कृष्ण भटनागर ने बताया कि भारतीय सिविल सेवा के अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिन जब 1947 में सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के प्रथम होम मिनिस्टर थे तब उन्होंने प्रोबेशनर सिविल सर्विस के ऑफिसर को भाषण दिया उस दिन की याद पर मनाया जाता है ।

सिविल सर्विस डे का उद्देश्य सिविल सेवकों को उनके काम और योगदान के लिए सम्मानित करना है, जो देश के विकास और प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह दिन सिविल सेवकों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए भी मनाया जाता है। इस लिए इस दिन के उपलक्ष्य में डॉ. गौरव कुमार सिंह एक प्रतिभाशाली और समर्पित आईएएस अधिकारी 2013 बैच के हैं, जिन्होंने रायपुर के जिला कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक कौशल ने उन्हें एक प्रभावी प्रशासक बनाया है।

उनकी पहल और योजनाओं ने रायपुर के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. सिंह की कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें एक आदर्श अधिकारी बनाया है, जो जनता की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

उनकी उपलब्धियों और योगदान को देखते हुए सुधा सोसाइटी के चेयरमैन श्री भटनागर और श्रीमती रेणुगुप्ता वॉलिंटियर ने उनको एक प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया । उन्होंने हिंदी मीडियम से सिर्फ 35 दिनों की अवधि में यूपीएससी की परीक्षा उतीर्ण की । उनहे पीएम एक्सलेनेस अवार्ड भी मिला । समाज और देश के लिए प्रशासन की जिम्मेदारी निभाना उनकी प्राथमिकता रही है । हरदोई जैसे उत्तर प्रदेश के गाँव से आए ग्रामीण समस्या को निपटाने में योग्यता रखते है । उन्होंने सोलर एनर्जी में क्र॥ष्ठ भी की है । संस्था ने अपनी शुभकामनाएं डॉक्टर गौरव कुमार सिंह को दी।

## आरडीए में आकाश छिकारा ने संभाला सीईओ का कार्य



रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

21 अप्रैल 2025/ राज्य शासन के आदेश के बाद आज श्री आकाश छिकारा ने रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 के बैच के अधिकारी श्री छिकारा की मूल पदस्थापना उप सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग में की गई है। वे इससे पूर्व वे जांजगीर चांपा के कलेक्टर रहे हैं।

## उपमुख्यमंत्री साव ने बैगाकापा गांव में स्मार्ट क्लासरूम का किया शुभारंभ

मुंगेली (प्रतिदिन राजधानी)

बेगाकापा गांव में स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन एक नई शिक्षा क्रांति की शुरुआत है, जो ग्रामीण शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। छतीसगढ़ सरकार के उप मुख्य मंत्री अरुण साव द्वारा बेगाकापा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। स्मार्ट क्लासरूम का यह प्रोजेक्ट HDFC बैंक 'परिवर्तन' के CSR कार्यक्रम और अरोह फाउंडेशन के तहत शुरू किया गया है।'परिवर्तन' के माध्यम से HDFC बैंक ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा की पहुंच को बढ़ाने और ग्रामीण बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में अहम योगदान दिया है।




इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, शिक्षा परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली उपकरण है। बैगाकपा जैसे गांवों में स्मार्ट क्लासेस लाकर हम भविष्य में निवेश कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने यह भी कहा कि डिजिटल शिक्षा से बच्चों को नई सोच और दृष्टिकोण मिलेंगे, जो उनके उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक हैं।

HDFC बैंक के प्रतिनिधियों ने बताया कि, हम अरोह फाउंडेशन के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए न केवल अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं, बल्कि बच्चों को बड़े सपने देखने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। स्मार्ट क्लासरूम बच्चों को नई तकनीकी और डिजिटल संसाधनों के माध्यम से उनकी सीखने की क्षमता को और अधिक बढ़ाने में मदद करेंगे।

अरोह फाउंडेशन के परियोजना अधिकारी हेमंत सिंह तंवर ने स्मार्ट क्लास के महत्व और ग्रामीण बच्चों की डिजिटल शिक्षा में भागीदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अन्य ब्लॉकों में ऐसी पहलें सफल रही हैं, जिससे छात्रों की भागीदारी और शिक्षकों की प्रेरणा में सुधार हुआ है। बैगाकपा में स्थापित स्मार्ट क्लास में इंटरएक्टिव बोर्ड, प्रक्षेपक और ई–लर्निंग उपकरण हैं, जो छात्रों के लिए आकर्षक शिक्षा अनुभव प्रदान करेंगे। साथ ही, स्थानीय शिक्षकों को इन उपकरणों का उपयोग करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

स्मार्ट क्लास को लेकर, छात्रों में नई तकनीक के प्रति उत्साह देखा गया, जो यह दर्शाता है कि इस पहल के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण छत्तीसगढ़ में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया है। HDFC बैंक और अरोह फाउंडेशन की साझेदारी से यह प्रयास बच्चों के लिए न केवल एक नया अध्यायं खोलेगा, बल्कि डिजिटल शिक्षा के माध्यम से उनके सपनों को उड़ान देने में भी सहायक होगा।

कार्यक्रम में HDFC की तरफ से डी. प्रताप वर्मा, उदयन पेंडे, अभिषेक मिश्रा और प्रशांत बर्मन, की गरिमामय उपस्थिति रही। अरोह फाउंडेशन के परियोजना अधिकारी हेमंत सिंह तंवर के साथ विवेक सिंह, अभिषेक कुमार गुप्ता ने भी कार्यक्र म में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## पारिवारिक फिल्म 'मंगलसूत्र' का भोरमदेव मंदिर में हुआ मुहूर्त

### काका जिंदा है के बाद अब मंगलसूत्र में नजर आएंगी एक्ट्रेस सानिया कंबोज

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



छत्तीसगढ़ की महिला प्रधान पारिवारिक फिल्म 'मंगलसूत्र' का हुआ मुहूर्त। यह फिल्म निर्देशक विकास चंद्रवंशी एवं निर्माता गणेश गुप्ता द्वारा निर्माणाधीन है।

इस फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में एक्टर करण खान, एक्टर कबीर मानिकपुरी, एक्ट्रेस सानिया कंबोज एवं एक्ट्रेस कंचन विश्वकर्मा शामिल है। फिल्म की असिस्टेंट डायरेक्टर राधिका गुप्ता, के असिस्टेंट डायरेक्टर मुक्कू माही, प्रोडक्शन हेड राजेंद्र जांगड़े एवं प्रोडक्शन मैनेजर प्रदीप मानिकपुरी अपने हुनर से इस फिल्म को एक नई पहचान देंगे।



अब छत्तीसगढ़ की जनता पारिवारिक फिल्मों की ओर आगे बढ़ रही है हाल ही में रिलीज हुई सुहाग फिल्म को लोग बहुत पसंद कर रहे हैं। निर्माता–निर्देशक के मुताबिक मंगलसूत्र भी एक पारिवारिक एवं महिला प्रधान फिल्म है साथ ही उन्होंने बताया इसकी कहानी एकदम अलग है ऐसी फिल्म अब तक छत्तीसगढ़ में नहीं आयी है। इसके गाने भी बेहद कर्णप्रिय हैं जिसको सुनने के बाद लोग हमेशा गुनगुनायेंगे । इस फिल्म में अन्य प्रमुख कलाकार हैं छत्तीसगढ़ी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता ललित उपाध्याय, विनय अम्बष्ट, राधिका गुप्ता, लता राही, पार्थ मानिकपुरी, संतोष निषाद (बोचकू), आर मास्टर, अंजलि चंद्रवंशी, शारदा मानिकपुरी, श्रवण साहू, रवि मानिकपुरी, रिंकू पटेल, सुरेश लहरे, नारायण लहरे, भागवत मानिकपुरी सहित अन्य कलाकार शामिल है।

आपको बता दें कि इसके पूर्व में एक्ट्रेस सानिया कंबोज ने फिल्म काका जिंदा है में धूम मचाया था और जनता ने उन्हें भरपूर प्यार दिया था। इस फिल्म की शूटिंग 19 अप्रैल से कवर्धा जिले में प्रारंभ हो गई है। भोरमदेव मंदिर सहित अन्य प्राकृतिक स्थलों पर इसकी शूटिंग की जाएगी।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444